इस प्रकार गुणना गिन कर विधि-पूर्वक वीसों ओलीयें सम्पूर्ण करे। यदि शक्ति-सम्पन्न हो तो वीसों ओलीयोंका उत्सव धूम-धाम पूर्वक करे। यदि समस्त ओलीयोंका न कर सके तो जिन शासनकी उन्नतिके लिये एक ओलीका उत्सव तो अवश्य ही धूम-धामके साथ करे। इस जगह संक्षिप्त रूपसे यह विधि लिखि गयी है, इस लिये गुरुका संयोग हो तो वीसों पदोंकी सुविस्तृत विधि गुरु मुखसे समझ कर करे। यदि गुरुका संयोग न हो तो विवेकी पुरुष इसी विधिके अनुसार समझ कर ओलीकी अराधना करे। तपस्या करते समय वीस स्थानकका स्तवन जो इस विधिके ऊपर दिया है, उसे पढ़े या किसीसे श्रवण करे। अनन्तर मन्दिरमें वीस स्थानककी पूजा पढ़ावे। पनी शक्तिके अनुसार वीस-वीस ज्ञानोपकरण चावे। देव-पदका देवमें, ज्ञान-पदका ज्ञानमें

और गुरु-पदका गुरुमें खर्च करे। तपस्या पूर्ण हो जाने पर समस्त तीर्थोंकी यात्रा कर आये। यदि उतनी शक्ति न हो तो एक-दो तीर्थोंकी यात्रा तो अवश्यही करे। इस प्रकार विधि-पूर्वक जो भव्यात्मा वीस स्थानक तप ओलीकी अराधना करेगा, वह जिननाम कर्मोंको उपार्जन कर तीसरे भवमें अक्षय-सुखको लाभ करेगा *।

॥ रोहिणी-तप का स्तवन ॥

शासन देवत सामणी ए मुझ सानिध कीजै, भुलो अक्षर भगति भणी समझाई दीजै॥ मोटा तप रोहण तणो ए जिणरा गुण गाउं, जिम सुख सोहग संपदा ए वंछित फल पाउं॥ १॥ दक्षिण भरते अंगदेस छै चंपानयरी, मघवा राजा राज्य करै तिण जीता वयरी॥ पाटराणी राणी रूवडी ए लखमी इण नामे, आठ पूत्र

* हमने यह विधि रत्न समुच्चय नामक ग्रन्थके आधार पर लिखि है। इसे दो-तीन भाषाकी पुस्तकोंसे भी मिलाया; पर सभीमें एकसी भाषा और एकसा ही क्रम देखा गया, इसलिये इसे सुविस्तृत रूपसे नहीं लिख सके। सम्०

ढाल—वीर सुणो मोरी वीनती—ए देशी ॥

तप करियै रोहणितणो, वलि करिये हो ऊज़-मणो एम ॥ तप करतां प्रातिक टलै, तिण कीजे हो तपसेती प्रेम ॥ त० १५ ॥ देव जुहारी देहरे, तिण आगे हो कीजै वृक्ष अशोक ॥ गुणनो बारम जिनतणो, भला नेवज हो धरियै सहु थोक ॥ त० ॥ १६ ॥ केशर चन्दन चरचियै, कीजै आगे हो आठ मंगलीक ॥ विधसु पुस्तक पूजियै, ते पामे हो शिवपुर तहतीक ॥त० १७॥ सेवा कीजै साधुनी, वलि दीजे हो मुंह माग्या दान ॥ संतोषीजे साहमी, मनरंगे हो कर२ पकवान ॥ त० १८॥ पाटी पोथी पूंछना, मिस लेखण हो झिलमिल सुजगीस, नवकरवाली वोटणा, गुरु आगे हो धरो सत्ताईस ॥ त० १९ ॥ चोथो व्रत पिण तिण दिने, इम पाले हो मन आण विवेक ॥ इण विध रोहणि आदरै, ते पामे हो आनंद अनेक ॥ त० २० ॥

ढाल—धरम करो जिनवर तणो—ए देशी ॥

इम महिमा रोहणतणी, श्रीग्यानी गुरु परकासे रे ॥ चित्रसेन ने रोहणी, वासुपूज्य तीर्थंकर पासे रे ॥इ० २१॥ इण परि रोहण आदरी, ऊपर ऊजमणो कीधो रे ॥ चित्रसेनने रोहणी, मन सूधै संजम लीधो रे ॥ इ० २२ ॥ आठे पूत्रे आदरी, दिख्या वारम जिन आगे रे ॥ वलि नानाविध तप तपै, धरमतणी मति जागे रे ॥ इ० २३ ॥ करि अणसण आराधना, लंहि केवल शिवपद पाया रे ॥ जिन वाणी आणी हियै, प्रभु चरणां चित लाया रे ॥ इ० २४ ॥ मनमोहन महिमा नीलो, में तवियो शिवपुरगामी रे ॥ मन मान्या साहिबतणी, हिव पुन्यें सेवा पामी रे ॥ इ० २५ (कलश) ॥ इम गगन जुग मुनि चन्द्र वरसे (१७२०) चोथ श्रावण सुदि भली ॥ में कही रोहणतणी महिमा सुगुरु मुख जिम सांभली ॥ वासुपूज्य असने थया सुप्रशन चित्तनी चिन्ता टली, श्रीसार जिनगुण गावतां हिव सकल मन आस्या फली ॥२८॥ इति रोहणी-तप स्तवन

रोहिणी-तपकी विधि ।

जिस तपस्वीको रोहिणी-तपकी तपस्या करनेकी इच्छा हो वह पहले शुभ दिन और शुभ समय देख कर गुरुके पास जा कर वन्दना व्यवहार कर के विनय-पूर्वक रोहिणी-तप ग्रहण करे। बाद जिस दिन रोहिणी नक्षत्र हो, उस दिन उपवास करके बारहवें वासुपूज्य स्वामीकी पूजा-अर्चना करे। अष्ट मंगलिककी रचना कर अष्ट द्रव्य चढ़ावे। देव-वन्दनादिक धार्मिक क्रियाये करके गुरुके मुखसे धर्मोपदेश श्रवण करे। यदि गुरुका संयोग न हो तो इस विधिके पहले जो रोहिणी-तपका स्तवन दिया गया है, उसे शान्ति-पूर्वक पढ़े, या किसी साधर्मिक भाईसे श्रवण करे। और "श्री वासुपूज्य स्वामी सर्वज्ञाय नमः" इस पदको २००० दो हजार वार गिने; यानि इस पदकी वीस मालायें गिने। इस तरह विधि-पूर्वक सात वर्ष पर्यन्त रोहिणी-तपकी आराधना कर लेनेसे तपस्वीकी मनोकामना पूर्ण हो जाती

है, यदि तपस्वीको पुत्र पानेकी इच्छा हो तो वह भी इस तपके आराधनसे पूरी हो जाती है और उसके सुख-सौभाग्यकी वृद्धि होती है।

छम्मासी-तप का स्तवन।

गौतमस्वामी रे बुध दो निरमली, आपो करिय पसाय। महावीरस्वामी जे जे तप किया, तेहनो कहिसुं विचार॥ वलि-वली वांदु वीरजी सुहामणा ॥१॥ भावठ भंजण सेव्यां सुख करै, गातां नव निधि थाय। बारे वरसां वीरजी तप कियो, दूर करै सहु पाप ॥व०॥२॥ बे कर जोड़ी ए हूं वीनवूं, श्रीजिनशासन राय। नाम लियां थी नव निधि संपजै, दरिशण दुरित पुलाय॥ व०॥३॥ नव चौमासी जिनजीरा जाणिये, एक कियो छम्मास। पांचे ऊणा छ वली जाणियै, बारके कोजो माश ॥व०॥४॥ बहुत्तर माशखमण जग जीपता, छ दो मासी रे जाण। तीन अढ़ाई दो दो कीया, दो दोढ माशी वखाण ॥व०॥५॥ भद्र महाभद्र शिवगति जाणियें, उत्तम एहना

प्रकार । वीचमें पारणो स्वामी नहि कियो, नहि कियो चोथो आहार ॥ व० ॥ ६ ॥ तिहुं उपवासे प्रतिमा बारमी, कीधा बारे जी माश । दोयसें वेला जिनजीरा जाणियै, इण गुण तीस विलास॥ व०॥७॥ तीनसे पारणा जिनजीरा जाणियै, तीन गुणतीस पचास । एहमें स्वामी केवल पामिया, पाम्या मुगति आवास ॥ व० ॥८॥ कलश ॥ इम वीर जिनवर सयल सुखकर अतहि दुक्कर तप करी, संयमसु पाली कर्म टाली स्वामी शिव रमणी वरी । सेवक पभणें वीर जिनवर चरण वंदित तुमतणा, संसार कूप पडंत राखो आपो स्वामी सुख घणा ॥ ७ ॥ इति छम्मासी तप स्तवनम् ॥

छहमासी-तपकी विधिः ।

जिस तरह शासन-नायक भगवान महावीर स्वामीने छह मासो तपकी उत्कृष्ट तपस्या की थी, उस तरह तो इस समय होना कठिन है, कारण वैसा बल-पराक्रम इस समय नहीं रहा। तथापि १८० एक सौ अस्सी उपवासोंके

करने पर जघन्य छह मासी-तपका फल प्राप्त होता है, अतः तपस्वीको चाहिये कि समयानुसार १८० उपवास करके यह तपस्या पूर्ण करे। तपस्याके दिन देव-वन्दनादिक धार्मिक क्रियायें करे। और जो इस विधिके पहले छह मासी तपका स्तवन दिया है, उसे मनन-पूर्वक पढ़े। यदि स्वयं न पढ़ सकता हो तो दूसरे किसीसे श्रवण करे। साथही तपस्याके दिन "श्री महावीर स्वामी नाथाय नमः" इस पदको २००० दो हजार वार गिने, यानि इस पदकी २० वीस माला गिने। तपस्या पूर्ण कर लेनेके बाद जहां पर महावीर स्वामीका तीर्थ हो--पावापुरी, क्षत्रियकुण्ड आदि जा कर यात्रा कर आयें। शक्तिके अनुसार छोटा-बड़ा उजमणा भी करे। इस तपस्याके फलसे लघु-कर्मी होकर अक्षय-सुख संपत्तिको लाभ करता है।

बारहमासी-तप का स्तवन।

दान उल्लटधरी दीजीयें—ए देशी॥ त्रिभु-वन नायक तूं धणी, आदि जिनेसर देव रे।

चौसठ इंद्र करै सदा, तुझ पदपंकज सेव रे ॥ त्रिभु० ॥१॥ प्रथम भूपाल प्रभु तूं थयो, इण अव-सरपणी काल रे। तुझ सम अवर न को प्रभु, तूं प्रभु दीनदयाल रे ॥त्रि० ॥२॥ प्रथम तीर्थंकर तूं सही, केवलज्ञान दिणंद रे। धर्म प्रज्ञापक प्रथम तू, तूही है प्रथम जिनंद रे ॥ त्रि० ॥३॥ अंतर अरि जे आतमतणा, काल अनादि थिति जेह रे। ते तप शक्तियें तें हण्या, आतम वीरज गुण गेह रे ॥ त्रि० ॥४॥ ताहरी शक्ति कुण कह सकै, जेहनो अंत न पार रे। द्वादश मासनो तप कर्यो, तेह अपानक सार रे ॥ त्रि० ॥ ५ ॥ एह उत्कृष्ट तप वरण्व्यो, आगममें जिनराज रे। ते करवूं अति आकरुं, तप विना किम सरे काज रे ॥त्रि०॥६॥ तीनसै साठ उपवास ते, ते इण पंचम काल रे। अवसर आदरै क्रम विना, ते पिण भवि सुवि-शाल रे ॥ त्रि० ॥७॥ ए तप गुरुमुख आदरै, शास्त्र णे अनुसार रे। पडिक्रमणादिक भावथो, क्रिया मन धार रे ॥ त्रि० ॥८॥ चित्त समाधि

शुभ भावथी, धरे ताहरो ध्यान रे। ते नर उत्तम फल लहै, कवि लहै उत्तम ग्यान रे ॥ त्रि० ॥६॥ काल अनादि संसारमे, जन्म मरणतणा दुःख रे। ते लहे धर्म पाया विना, तप विना किम हुवै सुख रे ॥ त्रि० ॥१०॥ हिव लह्यो नरभव पुण्यथी, वलि लह्यो श्रीजिन धर्म रे। तत्त्वनी रुचि थइ हे मुझे, हिव मिट्यो मनतणो भर्म रे ॥ त्रि० ॥११॥ भव-भव एक जिनराजनो, सरण होज्यो सुखकार रे। कुगुरु कुदेव कुधर्मनो, में कियो हिव परिहार रे ॥त्रि० ॥१२॥ दर्शन ज्ञान चारित्र ए, मोक्ष-मारग सुविशाल रे। भव-भव जे मुझ संपजे, तो फलै मंगलमाल रे ॥ त्रि० ॥१३॥ श्रीजिनशासन तप कह्यो, ते तप सुरतरू कंद रे। धन-धन जे नर आदरै, काटै ते करमनो फंद रे ॥त्रि०॥ १४॥ कलश ॥ इम नाभिनंदन जगत वंदन सकल जन आनंदनो, में थुण्यो धन दिन आजनो मुझ मात मरुदेवी नंदनो। संवत सुनेत्राकास निधि शशि नयर श्रीवालूचर. श्रीजिनसोभाग्य सुरिन्दके सुपसाय विजय विमल वरै ॥ १५ ॥ इति ॥

बारेह मासी-तपकी विधि ।

आदि तीर्थंकर श्री ऋषभदेव स्वामीने बारह मासी व्रतकी उत्कृष्ट तपस्या की थी, इसलिये तपस्या करनेवालेको चाहिये कि बारह मासी तपस्या भी जरूर करे। तपस्या करनेवालेको इस व्रतके ३६० तीन सौ साठ उपवास करने पड़ते हैं। वह क्रमशः अपनी इच्छाके अनुसार करे। तपस्याके दिन उपवासादि व्रत करके धार्मिक क्रियायें करे, और बारह मासी तपका स्तवन जो इस विधिके पूर्वमें दिया है, उसे श्रद्धा-पूर्वक पढ़े या किसीसे श्रवण करे। साथ ही तपस्याके दिन "श्री ऋषभ देव स्वामी नाथाय नमः" इस पद को २००० दो हजार बार गिने, अर्थात् २० बीस माला गिने। तपस्या पूरी कर लेने पर यथाशक्ति उजमणा करे। बाद सिद्धक्षेत्र या केसरियाजी तीर्थकी यात्रा कर आये। इस तपस्याके महात्म्यसे तपस्वी किसी तरहके कष्ट नहीं पाता, और वह अपना सारा जीवन आनन्दकी लहरोंमें

अवगाहन करता हुआ व्यतीत करता है। इस तपश्चर्याके प्रभावसे रोग, शोक, भय आदि कोई भी दुख नहीं आने पाते। इसलिये तपस्या करने वालेको यह तपस्या अवश्य ही करनी चाहिये।

॥ अट्ठाईस लब्धि-तपका स्तवन ॥

दुहा ॥ प्रणमुं प्रथम जिनेसरू, शुद्ध मने सुखकार। लबधि अट्ठावीस जिन कही, आगम-ने अधिकार ॥ १ ॥ प्रश्नव्याकरणें प्रगट, भग-वतीसूत्र मझार। पन्नवणा आवश्यके, वारू लबधि विचार ॥ २ ॥ आंबिल तप कर ऊपजै, लबधां अट्ठावीस। ए हिव परगट अरथसुं, सांभ-लज्यो सुजगीस ॥ ३ ॥

ढाल ॥ १ ॥ सकज संसारनी-एदेशी ॥ अनुक्रमें एह अधिकार गाथातणे, लबधिना नाम परिणाम सरिपा भणे। रोग सहु जाय जसु अंग फरस्यां सही, प्रथम ने लबधि है नाम आमोसही ॥४॥ जासु मल मूत्र औषध समा जाणियें, बीय वप्पोसही लबधि वखाणियें।

खेरु थाय, ए लवधि इग्यारमी आसोविश क-
हिवाय ॥ १० ॥ सहु सूखम वादर देखै लोका-
लोक, ते केवल लवधी वारमियै सहू थोक।
गणधर पद लहियै तेरम लवधि प्रमाण, चव-
दम लवधे करी चवदै पूरव जाण ॥ ११ ॥ ती-
र्थंकर पदवी पामे पनरमी लवधि, सोलम सुख-
दाई चक्रवत्ति पद रिद्ध। वलदेवतणो पद
लहियै सतरमी सार, अढ़ारमी आखा वासुदेव
विस्तार ॥ १२ ॥ मिसरी घृत चीरे मेल्या-
जेह सवाद, एहवी लहै वाणी उगणीशम परसा-
द। भणियो नवि भूलै सूत्र अरथ सुविचार, ते
कुष्ट कबुद्धी वीसम लवधि विचार ॥ १३ ॥ एके
पद भणियां आवै पद लख कोड, इकवीसमी
लवधी पयाणसारणी जोड। एके अरथे करी
ऊपजै अरथ अनेक, वावीसम कहियै वीजवुद्धि
सुविवेक ॥ १४ ॥

ढाल ॥ ३ ॥ कपुर हुवै अति ऊजलो रे—ए
चाल ॥ सोलह देशतणी सही रे, दाहक सगति

वखाण । तेह लवधि तेवीसमी रे, तेजोलेश्या जाण, चतुर नर सुणज्यो ए सुविचार, आगमने अधिकार ॥ च० ॥ वारू लवधि विचार ॥ च० ॥ एआंकणी ॥ १५ ॥ चवद पूर-वधर मुनिवरू रे, उपजंता सन्देह । रूप नवो रचि मोकले रे, लवध आहारक एह ॥ च० ॥१६॥ तेजोलेश्या अगननी रे, उपशमवा जलधार। मोटी लवधि पचवीसमी रे, शीतोलेश्या सार॥ च० ॥ १७ ॥ जेण सगतिसुं विकुरवै रे, विविध प्रकारै रूप । सद्गुरु कहै छावीसमी रे, वैक्रिय लवधि अनूप ॥ च० ॥१८॥ एकण पात्रे आदमी रे, जीमाडै केइ लाख । तेह अक्खीणमहानसी रे, सत्तावीसमी साख ॥ च० ॥ १९ ॥ चूरै सेन चक्रीसनी रे, संघादिकने काम । तेह पुलाक लवधी कही रे, अट्ठावीशमी नाम ॥ च० ॥२०॥ तेज शीत लेश्या बिहुं रे, तेम पुलाक विचार। भगवतीसूत्रमें भाषियो रे, ए त्रिहुनो अधिकार॥ च० ॥२१॥ पन्नवणा अहारनीरे, कलपसूत्र गण-

धार। नाम २ इक २ मिली रे, वारू आठ विचार ॥ च० ॥ २२ ॥ प्रश्नव्याकरणे सही रे, वाकी लब्धां वीश। सांभलतां सुख ऊपजे रे, दौलत हुवे निशदीस ॥ च० ॥२३॥ ॥ कलश ॥ संवत सत्तरेसे छवीसे मेरुतेरस दिन भले, श्रीनगर सुखकर लूणाकरणसर आदिजिन सुपसाउले। वाचनाचारज सुगुरु सानिध विजय हरख विलासए, श्रीधर्मवर्द्धन स्तवन भणतां प्रगट ज्ञान प्रकास ए ॥२४॥ इति २८ लब्धि स्तवनम् ॥

अट्ठाईस लब्धि-तप की विधि।

जिस तपस्वीको यह तपस्या करनी हो वह पहले उत्तम दिन और समय देख कर गुरुके समीप जाये। बाद अनुनय-विनय पूर्वक गुरुसे तपस्या उच्चरे। इस तपस्याके २८ अट्ठाईस उपवास करने पड़ते हैं, वह समयानुसार क्रमशः करे। जिस दिन जिस लब्धिका उपवास हो, उसके नामको गुणना-माला गिने। अगर शक्ति हो तो देववन्दनादिक धार्मिक क्रियायें करे। और तप०

पूरा कर लेनेपर शक्तिके अनुसार उद्यापन-उजमणा भी करे। इस तपस्याके प्रभावसे बुद्धि निर्भय हो कर निरन्तर अनन्द रहता है।

॥ अथ चतुर्दश पूर्व-तप स्तवन ॥

ढाल ॥ बे कर जोडो ताम—ए देशी ॥

जिनवर श्री वर्द्धमान, चरम तीर्थंकर, प्रह ऊठी प्रणमुं मुदा ए। श्रुतधर श्रीगणधार, सूरि शिरोमणी, नमतां नव निधि संपदा ए ॥ १ ॥ चवदै पूरब नाम, सूत्रै जूजूवा, वीरजिनंदे भाषिया ए। ते हिव सुगुरु पसाय, वरणविस्युं इहां, आगममें जिम उपदिस्या ए ॥ २ ॥ पहिला पूर्वउत्पाद १, दूजो आग्रायणी २, वीर्यवाद ३ तीजो नमूं ए ॥ अस्ति नास्तिप्रवाद ४, सत्ता जाणियै, नारग रयण पंचम ५ गिणुं ए ॥ ३ ॥ छट्ठो सत्यप्रवाद ६, सत्तम आतम ७, कर्मप्रवाद अट्ठम गिणो ए ८ ॥ प्रत्याख्यानप्रवाद ९, नामे नवम, विद्याप्रवाद दशमो कह्यो ए १० ॥४॥ इग्यारम नाम ल्याण ११, प्राणायु बारमो १२, क्रिया विशाल

तेरम भणो ए ॥१३॥ बिंदुसार १४ इण नाम, चवदे ए कह्या, शास्त्र थकी में संग्रह्या, ए ॥५॥

ढाल २ ॥ श्रीविमलाचल शिर तिलो— ए देशी ॥ उत्पाद पूर्व सोहामणो, कोटी पद परिमाण। पट भाव प्रगट छे ने जिहां, त्रिपदी भाव विनाण ॥१॥ सर्व द्रव्य पर्यायतणो, जीव विशेष प्रमाण। दूजो पूर्व अग्रायणी, छिन्नुं लख पद जाण ॥२॥ पद लख सत्तर जेहनो, संख्या परगट एह। वीर्य प्रवलता जीवनी, भाषी तीजे तेह ॥३॥ चोथे पूर्व जे कह्यो, अस्ति नास्ति प्रवाद। पद संख्या साठ लाखनी, सप्तभंगी स्याद्वाद ॥४॥ ग्यान प्रवाद पद पंचमो, सूत्रे आगम जोइ। मत्या-दिक पण भेदसुं, पद संख्या इक कोडि ॥५॥ सत्यप्रवाद छठ्ठो कहुं, भाखुं सत्य स्वरूप। संख्या पद इक कोडनी, भाषा आगम अनूप ॥६॥ नित्यानित्यपणो इहां, आतम द्रव्य स्वभाव। छत्रीस पद कोड जेहना, सूत्रे आतम।

भाव ॥ ७ ॥ कर्म प्रवादतणो हिवै, प्रगटपणें अधिकार । लाख असी पद जेहना, कोडो इग निरधार ॥ ८ ॥ नवमो पूर्व कहुं हिवै, नामे प्रत्याखान । लाख चोरासो जेहना, पद संख्या चित्तआन ॥ ६ ॥ अतिशय गुण संयुत भणो, साधन साध्य निदान । विद्या अनुपम सातसै, कोडो वरस लख जान ॥ १० ॥ कल्याण नाम इग्यारमो, छव्वीस कोड प्रमाण । ज्योतिषशास्त्र विचारणा, चोविह देव कल्याण ॥ ११ ॥ प्राणायु पद बारमो, छप्पन लख इग कोडि । प्राण निरोधन जे क्रिया, शास्त्रे आणयो जोड ॥१२॥ क्षायिकादिक जे क्रिया, छन्द क्रिया सुविशाल । पदसंख्या नव कोडनो, तेरमो क्रिया विशाल ॥ १३ ॥ लोकसारबिंदु चवदमो, नामे अरथ निहाल । पद संख्या इग कोडनो, लाख पचवीस संभाल ॥ १४ ॥ लोकत्रत्यय देखण भणी, संख्या गज परिमाण । सोले सहस अरु तीनसै, और तयासी जाण ॥ १५ ॥ पूरब संख्या

ए कही, गुणमालाथी देख । आगे बुधजन सांभज्यो, बाकी देश विशेष ॥ १६ ॥

ढाल ॥३॥ वीर जिनेसर उपदिसे---ए चाल ॥

सूत्रे गुंथे गणधरा, अरथे अरिहंत भाखे रे । ते श्रुतज्ञान नमूं सदा, पाप तिमिर जिम नासे रे ॥१॥ वाणी रे जिणंदनी, सुणज्यो चित्त हित आणी रे। तत्व रमणना अनुसरे, सम्पूरण गुण खाणी रे ॥ वा० २ ॥ विषय कषाय तजी करी, ध्यान भगन उर धारी रे । विधि संयुत जिनमन्दिरे, प्रभु मुख पाश जुहारी रे ॥ वा० ३ ॥ तप जप संजम आदरी, श्री श्रुतज्ञान निधानो रे । सद्गुरु चरण नमो करी, संवरजाग प्रधानो रे ॥ वा० ४ ॥ अक्षत लेइ ऊजला, गुंहली सुन्दर कीजे रे । नाण दंसण चारित्रनी, ढिगली तीन धरीजे रे ॥ वा० ५ ॥ चवद पूर्व व्रत इण परे, सुगुरु संजोगे लेई रे । विधिसुं पुस्तक पूजिये, चित्त अति आदर देई रे ॥ वा० ॥ ६ ॥ इम तप संपूरण थयां, ऊजमणो हिव कीजे रे ।

भाव ॥ ७॥ कर्म प्रवादतणो हिवै, प्रगटपणें अधिकार । लाख असी पद जेहना, कोडो इग निरधार ॥ ८ ॥ नवमो पूर्व कहुं हिवै, नामे प्रत्याखान । लाख चोरासी जेहना, पद संख्या चित्तआन ॥ ६ ॥ अतिशय गुण संयुत भणी, साधन साध्य निदान । विद्या अनुपम सातसै, कोडो वरस लख जान ॥ १० ॥ कल्याण नाम इग्यारमो, छव्वीस कोड प्रमाण । ज्योतिषशा-स्त्र विचारणा, चोविह देव कल्याण ॥ ११ ॥ प्राणायु पद बारमो, छप्पन लख इग कोडि । प्राण निरोधन जे क्रिया, शास्त्रे आणयो जोड ॥१२॥ क्षायिकादिक जे क्रिया, छन्द क्रिया सुवि-शाल । पदसंख्या नव कोडनो, तेरमो क्रिया विशाल ॥ १३ ॥ लोकसारबिंदु चवदमो, नामे अरथ निहाल । पद संख्या इग कोडनी, लाख पचवीस संभाल ॥ १४ ॥ लोकत्रत्यय देखण भणी, संख्या गज परिमाण । सोले सहस अरु तीनसै, और तयासी जाण ॥ १५ ॥ पूरब संख्या

ए कही, गुणमालाथी देख। आगे बुधजन सोधज्यो, बाकी देश विशेष ॥ १६ ॥

ढाल ॥३॥ वीर जिनेसर उपदिसै--ए चाल ॥

सूत्रे गुंथे गणधरा, अरथै अरिहंत भाखै रे। ते श्रुतज्ञान नमूं सदा, पाप तिमिर जिम नासै रे ॥१॥ वाणी रे जिणंदनी, सुणज्यो चित्त हित आणी रे। तत्व रमणता अनुसरै, सम्पूरण गुण खाणी रे ॥ वा० २ ॥ विषय कषाय तजी करी, ग्यान भगत उर धारी रे। विधि संयुत जिनमन्दिरै, प्रभु मुख पाश जुहारी रे ॥ वा० ३ ॥ तप जप संजम आदरी, श्री श्रुतज्ञान निधानो रे। सदगुरु चरण नमो करी, संवरजोग प्रधानो रे ॥ वा० ४ ॥ अक्षत लेइ ऊजला, गुंहली सुन्दर कीजै रे। नाण दंसण चारित्रनी, ढिगली तीन धरीजै रे ॥ वा० ५ ॥ चवद पूर्व व्रत इण परै, सुगुरु संजोगे लेई रे। विधिसुं पुस्तक पूजियै, चित्त अति आदर देई रे ॥ वा० ॥ ६ ॥ इम तप संपूरण थयां, ऊजमणो हिव कीजै रे।

घर सारू धन खरचने, नरभव लाहो लिजै रे ॥ वा० ॥७॥ पूठा परत विटांगणा, पूरब नाम प्रमाणो रे। नवकरवाली कोथली, लेखण ठवणी जाणो रे ॥ वा० ॥८॥ देहरै देव जुहारने, आरती मंगल कीजै रे। स्नात्रपूजा वलि साचवी, तत्त्व सुधारस पीजै रे ॥ वा० ॥९॥ इण पर तप आराधतां, दुरगति कारण छेदै रे। चवदह रज्जु शिरोमणी, जीव अक्षयगति वेदे रे ॥ वा० ॥१०॥ तप आराधन विधि भणी, आगम वचने जोइ रे। भवियण पिण तुमे आदरो, ज्युं भव-भ्रमण न होई रे ॥ वा० ॥ ११ ॥ कलश॥ इम सयल सुखकर गच्छ खरतर तपै रवि जिम क्रांत ए, सौभाग्यसूरि मुणिंद इण पर कह्यो पूर्व वृतंत ए। सम्बत अठारै वरस छिन्नूं नयर श्रीबालूचरै, ए स्तवन भणतां श्रवण सुणतां सयल मनवंछित फलै॥ १२ ॥ इति चतुर्दश-पूर्व-तप स्तवनं सम्पूर्णम् ॥

चउदह पूर्व-तपकी विधि।

तपस्वीको यदि यह तपस्या करनी हो तो वह पहले उत्तम दिन देखकर गुरुसे उक्त तपस्या ग्रहण करे। इस तपस्यामें चउदह उपवास करने पड़ते हैं, वह समयानुसार क्रमशः करे। जिस दिन जिस पूर्वकी तपस्या हो, उस दिन उसी पूर्वके नामकी वीस माला गिने। स्तवनमें १४ पूर्व के नाम और उनकी विधि दी गयी है, उसके अनुसार विवेकी पुरुष गुरुसे समझ कर सारी क्रिया करे। इस तपस्याके स्तवनको भाव-पूर्वक श्रवण करे या स्वयं पढ़े। यह तपस्या करनेसे ज्ञानावरणीय आदि कर्मोंका क्षयोपशम हो कर उत्तम ज्ञान और लक्ष्मीकी वृद्धि होती है।

॥ अथ तिलक तपस्याका स्तवन ॥

दुहा ॥ शासन देवी शारदा, वाणी सुधारस वेल। बालक हित भणी बगसियै, सुबुद्धि सुरंगी रेल ॥१॥ नवम अंग जिन पूजतां, मन लहि शुभ परिणाम ॥ तप तिलके फल पामिये, दवदंती गुणधाम ॥ २ ॥

॥ ढाल ॥ वीर जिणेसर उपदिसै—ए देशी ॥
कमला जिम कुंडणपुरै, भुजबल नरपतिभीमो रे । पद्मनी पद्म सुवासना, श्वेतगज स्वप्ने नीमो रे ॥पद्म०१॥ परतख्य फल ए पुन्यना, प्रसवी सुता पूरै माशै रे । दवदंती नाम दीपतो, गुणमणि बुद्धि प्रकाशै रे ॥ पद० २ ॥ चौसठकला विच-चणा, रूप गुणें करी रंभा रे ॥ देव गुरु धर्म दी-पावती, ब्रत्तधारी दृढ बंभा रे ॥ प० ३ ॥ प्रतिमा पूजै शांतिनी, देवे दीधी त्रिकालो रे ॥ मात पिता प्रमोदसुं, स्वयंवर वरमालो रे ॥ प० ४ ॥ उव-झायाधिप श्रीनिषधनो, नल लिखियो निलाडै रे ॥ आनन्दसु पंथ आवतां, पूरव पून्य उघाडै-रे ॥प० ५॥ मज्झम रयणी तम भरी, मधुरवकुंत इहां वनमें रे ॥ मणि भाले तेज दिन मणी, जाग्रत देखी अहो मनमें रे ॥ प० ॥६॥ ग्यानधारी गुरु कोइ मिले, पूछियै एह प्रसन्नो रे ॥ कम बलै मुनि आविया, परीसह जीत मदन्नो रे ॥प०। ७॥ पंच जीत पंच पालतां, टालता दुस्सह सबला रे ॥

संजम शुद्ध संभालतां, उद्यम शिवसुख कमला रे ॥ प० ॥८॥ दोहा ॥ मणि तेजें मुनि तरु ठवे, रथ थकी स्त्री भरतार ॥ देवै तीन प्रदत्तणा, विधिसुं चरण जुहार ॥६॥ देशना सुण पावन थया, ज्ञान सुधारस पाय ॥ को तप परभव तिलक है, कहि यै श्रीमुनिराय ॥ १० ॥

॥ढाल २॥ भरत भावसुं ए—ए देशी ॥ मधुर स्वरै मुनिवर कहे ए, नाणी गुरु सुपसाय, दीपक सहू लोकना ए ॥ कम शुभाशुभ परभवै ए, इह भव फल निपजाय, करम गति वंकडी ए ॥११॥ ओहिनाण भव प्रागनो ए, नृप सुणे निरमल भाव, समकित साहीयो ए ॥ धर्मवतीको नृपवधू ए, जाणयो हे तत्व प्रस्ताव, साची जिन वाचना ए ॥१२॥ चोथ प्रमुख नृप चंपसूं ए, किरिया शूद्ध करी एह, भलै चित भावसुं ए ॥ नवांग पूजे तिलकसुं ए, चाढै जिन चोवीस, रयण कचंण जड्या ए ॥१३ ॥ तिलक २ सें पामियो ए, समकित एह सत्तीस, जनम सफलो गिणो ए ॥ भगवन तप विधि

भाखियै ए, नल कहै बोध वरीस, पीहर षट्कायना ए ॥१४॥ आदिनाथ अरिहंतना ए, षट् उपवास कहीस, त्री चौवीहारस्युं ए ॥ चोथ दोय जिन वीरना ए, अजितादिक बावीस, आणा गुरु शिर वही ए ॥ १५ ॥ पोषध त्रीस तीने थया ए, पूजन तिलक चढ़ाय, तारक जगदीसने ए ॥ उद्यापन संघ भक्तिसुं ए, जन्म सफल नर राय, सूधै मन साधियै ए ॥ १६ ॥ सुण वाणी समकित ग्रहै ए, पय प्रणमी गुरु वीर, चित्त ऊमाहीयो ए ॥ इण पर जे भवि आदरै ए, थायै चरम शरीर, मूल सुख शासतो ए ॥ १७ ॥ (कलश) श्रीशांति दाता त्रि जगत्राता भविक ध्याता सुखकरा, इम सतीय साध्यो तप आराध्यो सुजस वाध्यो शिवघरां ॥ आगमे आखै सूरीय साखै सुगुरु भाषै सुण थया, शुद्ध ध्यावै भविक भावै विजय विमल जिनवर कथा ॥ १८ ॥ इति तिलक तपस्या स्तवनम् ॥

तिलक-तपस्याकी विधि ।

उत्तम दिन देखकर तपस्वी गुरुके पास जाये और उनसे विनय-पूर्वक तिलक तपस्या ग्रहण करे। इस तपस्याके करने वालेको कुल ३० तीस उपवास करने पड़ते हैं, वह इस क्रमसे करे। पहले ऋषभदेव भगवानके छह उपवास करे, इन छहों उपवासोंके करते समय "श्रीऋषभदेवस्वामी सर्वज्ञायनमः" इस पदका २००० बार चिन्तवन करे; अर्थात् इस पदकी २० माला गिने। जब यह छह उपवास हो लें, तब महावीर भगवानके दो उपवास करे। इन दो उपवासके समय "श्री महावीरस्वामी सर्वज्ञायनमः" इस पदकी वीस माला गिने, और धर्म-ध्यानमें समय व्यतीत करे। इन दो उपवासोंके हो जाने पर बाईस तीर्थंकरोंके क्रमशः बाईस उपवास करे। जिस दिन जिस तीर्थंकरका उपवास हो, उसीके पदकी वीस माला गिने। बाकीकी सारी विधि स्तवनके अनुसार गुरुसे समझ कर करे। तपस्या करते समय आरंभ-समारंभके कार्य नहीं करे।

॥ अथ सोलिये तपका स्तवन ॥

वीर जिनेसर भाषियो रे लाल, सहु व्रतमें सिरताज, भवि प्राणी रे॥ कषायगंजन तप आदरो रे लाल, इणथी पातिक जाय ॥भ० ॥वी१॥ कोड वरष तप आदरे रे लाल, क्रोध गमावै फल तास ॥ भ० ॥ मान करे जे प्राणियारे, लाल ते जगमें न सुहाय ॥ भ० वी० ॥२॥ व्रतमें माया आदरी रे लाल, स्त्रीपणो पायो मल्लिनाथ ॥ भ०॥ रूप परावृत कीया घणा रे लाल, आषाढ़भूति गणिका साथ ॥ भ० वी० ॥ ३ ॥ च्यार कषाय छे मूलगा रे लाल, उत्तम सोले भेद ॥भ०॥ इम भव-भव भमतो थको रे लाल, जीव पामे बहु खेद ॥ भ० वी० ॥ ४ ॥ एकासण व्रत जे करे रे लाल, लाख वरस दुख हाण ॥ भ० ॥ नीवी व्रत दूजो कह्यो रे लाल, ए धारो जिनवर वाण ॥ भ० वी० ॥५॥ आंबिलनो फल बहु कह्यो रे लाल, उपजै लबधि अपार ॥ भ० ॥ उपवास करता भावसुं रे लाल, भवनो पार ॥ भ० वी० ॥ ६ ॥ इम दिन

शोले तप करो रे लाल, पूरण व्रत ए थाय ॥भ०॥ देव गुरु पूजा करै रे लाल, मन वंछित फल थाय ॥ भ० ॥ नर सुर रिद्धि पिण भोगवे रे लाल, निश्चै मुगति जाय ॥ भ० वी० ॥ ८ ॥ इति ॥

सोलह तपस्याकी विधि ।

क्रोध, मान, माया, और लोभ इन चारों कषायोंके अनन्तानु बन्धी, अप्रत्याख्यानी, प्रत्याख्यानी, और संज्वलन इनके द्वारा चार-चार भेद होने पर चार कषायोंके क्रमशः सोलह भेद पड़ते हैं। इनको निवारण करनेके लिये तपस्वीको यह तपस्या करते समय सोलह दिनकी तपश्चर्या करनी पड़ती है, वह इस तरह कि, पहले दिन एकासण, दुसरे दिन निवि, तीसरे दिन आयंबिल और चौथे दिन उपवास, इस तरह अनुक्रमसे चार बार व्रत करके सोलह दिन की तपस्या पूरी करे। तपश्चर्याके दिन सोलह तपका स्तवन पढ़े, या श्रवण करे। समूचि तपश्चर्या पूर्ण कर लेने पर यथा-शक्ति उद्यापन-उज़मणा करे।

प्रातःकालकी पडिलेहण विधि ।

पहले खमासमण देकर "इरिया वहिय" पढ़े, बाद खमासमण-पूर्वक "इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पडिलेहण संदिसा हूं" इच्छं, कह कर फिर खमासमण-पूर्वक "इच्छाकारेण संदिह भगवन्! पडिलेहण करूं ?" इच्छं, कह कर मुहपत्ति पडिलेहण करे। बाद खमासमण देकर इच्छाकारेण० "अंग पडिलेहण संदिसाहु" इच्छं, फिर खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० अंगपडिलेहन करूं ? इच्छं" कहकर आसन, चरवला, कंदोरा, धोती आदि उपकरणोंकी पडिलेहण करे। पीछे खमासमण पूर्वक "इच्छकार भगवन्! पसायकरी पडिलेहण पडिलेहावोजी ? इच्छं, कह कर शुद्ध स्वरूपके पाठ-पूर्वक स्थापनाचार्यजीकी पडिलेहण करे, बाद स्थापनाचार्यजीको उच्च स्थान पर रख। खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० उपधि मुहपत्ति पहिले हुं ?" इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे। इसके बाद खमासमण-पूर्वक

इच्छाकारेण० ओहि पडिलेहण संहिसा हूं ? इच्छं, कहकर खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० ओहि पडिलेहण करूं ?" इच्छं, कहकर बाद कम्बल, वस्त्र आदिकी पडिलेहण करे। इसके बाद पौषधशालाको प्रमार्जन करके कूड़े-कचरेको जयणासे एकान्त स्थानमें रखदे। बाद "इरिया वहिय" पढ़े। इसके बाद खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० सज्झाय संदिसाहुं ? इच्छं, कहकर खमा० इच्छा० सज्झाय करूँ ? इच्छं, कहकर नवकार सहित पोसहको सज्झाय करे, और उपदेश मालाका श्रवण करे।

संध्या पडिलेहण विधि।

पहले खमासमण देकर इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! बहुपुड़ि पुन्ना पोरिसो इच्छं, कहकर खमासमण देवे, बाद "इरिया वहिय" पढ़े। बाद खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० पडिलेहण करूं ? इच्छं, कहकर, बाद फिर खमासमण देकर इच्छाकारेण० पौषधशाला प्रमार्जन

करूं ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे। बाद खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० अंग पडि-लेहण संहिसा हूं ? इच्छं, कहकर फिर खमा-समण देकर इच्छाकारेण० अंग पडिलेहण करूं ? इच्छं, कहकर आसन, चरवला, कदोरा, धोती आदि उपकरणोंकी पडिलेहण करे। बादमें पौषधशालाका प्रमार्जन कर कूड़े-कचरेको यथा-विधि रखे। फिर खमासमण देकर "इरिया वहिय" पढ़े। पीछे खमासमण-पूर्वक "इच्छकार भगवन्! पसायकरी पडिलेहण पडिलेहवावोजी? इच्छं, कहकर शुद्ध स्वरूपके पाठ पूर्वक स्थापना-चार्यजीकी पडिलेहण करे। बाद स्थापनाचार्यजी को ऊंची जगहपर रखे। पीछे खमासमण देकर इच्छाकारेण० उपधि मुहपत्ति पडिले हुं ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे। बाद खमास-मण-पूर्वक "इच्छाकारेण० सज्झाय संदिसाहुं ? इच्छं, कहकर खमासमण-पूर्वक "इच्छाकारेण सज्झाय करूं ? इच्छं, कहकर एक नमुक्कार

बोलकर पोसहकी सज्झाय करे। बाद फिर एक नमुक्कार पढ़े। इसके बाद दो वान्दना देकर पच्च-क्खाण लेवे (जिसने उपवास किया हो वह वान्दना न देवे) बाद खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० उपधि थंडिला पडिलेहण संदिसा हूं? इच्छं, कह कर फिर खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० उपधि थिंडिला पडिलेहण करूं? इच्छं, कहकर फिर खमासमण-पूर्वक इच्छाकरेण० बेसणे संदिसा हुं? इच्छं, कहकर फिर खमासमण-पूर्वक इच्छा-कारेण० बेसणे ठाऊं?, इच्छं, कहकर कम्बल वस्त्रादिकी पडिलेहण करे। जिसने उपवास किया हो वह इस समय केवल कन्दोरा और धोतिकी पडिलेहण करे।

रात्री संथारा विधि।

खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० बहुपुडि पन्ना पोरिसी?" इच्छं, कहकर खमासमण देवे और "इरिया वहिय" पढ़े। इसके बाद खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० राईसंथारा

मुहपत्ति पडिहले हुं ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे। बाद खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० राईसंथारा संदिसा हूं ? इच्छं, कहकर खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० राईसंथारा ठाऊं ? इच्छं, कह कर फिर खमासमण-पूर्वक इच्छाकारेण० चैत्यवन्दन करूं ?" इच्छं, कहकर चउक्कसाय, नमुत्थुणं यावत् जयवीयराय चैत्यवन्दन करे। बाद "निस्सही ३ णमोखमासमणाणं गोयमाइणं महामुणिणं" तीन नवकार, तीन करेमी भन्ते कह कर अणुजाणह चिट्ठिज्जा आदि राई संथाराकी गाथायें कहे और अन्तमें सात नमुक्कारका स्मरण करे।

॥ पच्चक्खाण पारनेकी विधि ॥

खमासमण देकर इरियावहिय पढ़े ॥ पीछे खमा० इच्छा० पच्चक्खाण पारवा मुहपत्ति पडिलेहुँ ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे ॥ पीछे खमा० इच्छा० पच्चक्खाणपारुं ? यथाशक्ति खमा० इच्छा० पच्चक्खाण पारेमि ? तहत्ती। कह

कर मुट्ठी बन्द कर एक नवकार गिने। बाद जो पच्च-क्खाण किया हो उस पच्चक्खाणका नाम ले कर पच्चक्खाण पारनेका पाठ बोलकर एक नवकार गिने, पीछें खमासमण देकर इच्छा० चैत्यवंदन करुं ? इच्छं, कहकर जयउसामि० यावत् जय-वीयराय० पर्यंत चैत्यवंदन करे।

॥ देववंदनकी विधि ॥

खमा० इच्छा० चैत्यवंदन करूं ? इच्छं, कह कर चैत्यवंदन णमुत्थुणं कहे। बाद खमासमण देकर इरियावहिय पढ़े। पीछे खमा० इच्छा० चैत्यवन्दन करूं ? इच्छं, कहकर चैत्यवंदन करे। बाद जंकिंचि णमुत्थुणं कहकर चार थुईसे देव वांदे। पीछें णमुत्थुणं यावत् जयवीयराय पर्यंत कहे; फिर णमुथुणंका पाठ पढ़े।

॥ पोसह लेनेकी विधि ॥

पोसहके उपगरण लेकर उपाश्रयमें जाये। बाद सामायिककी विधिके अनुसार स्थापनाचार्यकी स्थापना करके विधि-पूर्वक गुरुवंदन करे। बाद

खमासमण देकर इरियावहिय पढ़े। पीछे खमा० इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पोसह मुहपत्ति पडिले हुँ ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे। पीछे खमा० इछा० पोसह संदिस्साऊं ? इच्छं, खमा० इच्छा० पोसह ठाऊं ? इच्छं, कहकर खड़े हो, हाथ जोड़कर तीन नवकार गिने। बाद इच्छकार भगवन्! पसाय करी पोसह दंडक उच्चरावोजी! (यदि आठ प्रहरका पोसह लेना हो तो "अहोरत्तं" कहे, दिनका लेना हो तो "दिवसं" कहे, और रात्रिका लेना हो तो "रत्तं" कहे) बाद जो बड़ा आदमी हो वह करेमिभंते पोसहं० इत्यादि पोसहका पच्चक्खाण तीनवार उच्चरावे— यदि कोई बड़ा न हो तो आप तीनवार उच्चर लेवे॥ बाद खमा० इच्छा० सामायिक मुहपति पडिलेहवुं ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे॥ पीछे खमा० इच्छा० सामायिक संदिस्साहु ? इच्छं, इत्यादिक सामायिककी विधिके अनुसार पोसहकी विधि जानना। परंतु इरियावहिय न

पढ़े । पांगरणाके आदेशके बाद खमा० इच्छा० बहुवेलं संदिस्साउं? इच्छं, खमा० इच्छा० बहु-वेलं करूं ? इच्छं, पोसह लिये बाद राई प्रति-क्रमण करे तो प्रतिक्रमणमे चार थुइसे देववांदे, बाद णमुत्थूणं कहकर बहु बेलका आदेश लेवे । पीछे आचार्यमिश्रं इयादि कहे ।

॥ पोसहकृत्यकी विधि ॥

पहले पोसह लेनेके बाद पड़िलेहणके समय प्रभात पड़िलेहणकी विधिसे पड़िलेहण करे । पीछे गुर्वादिक विद्यमान हो तो विधिपूर्वक वंदना करे । बाद पच्चक्खाण करके बहुवेलका आदेश लेवे, पीछे देवदर्शन करनेको मंदिरमें जावे, (जिसने पोसह किया हो वह यदि देवदशन न करे तो दो या पांच उपवासके प्रायश्चित्तका भागी होता है) अनन्तर विधिसहित चैत्यवंदन करके पच्चक्खाण करे । उपाश्रय और मंदिरसे निकलते समय तीनवार आवस्सही कहे । और प्रवेश करते समय तीनवार निस्सीहि कहे ॥

लघुनीति और बड़ो नीति परठनी हो तो पहिले "अणुजाणह जस्स गो" कहे, पीछेसे तीनबार 'वोसिरे' कहे। मंदिरमें जाकर उपाश्रयमें आवे और लघुनीति बडिनीति करके पीछे उपाश्रयमें आवे। निद्रा या प्रमाद आगया हो तो इत्यादि कार्योंमें इरियावहिय पढ़े। मंदिरसे उपाश्रयमें आकर गुरुका संयोग हो तो व्याख्यान सुने। पीछे पौनो प्रहर दिन चढ़े बाद उग्घाडा पोरसी भणावे यथाः—खमा० इच्छा० उग्घाडा पोरसी ? इच्छं, कह कर खमा० इरियावहिय पढ़े। पीछे खमा० इच्छा० उग्घाडा पोरसी मुहपत्ति पड़िलेहुँ ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे॥ पीछे कालवेलामें मंदिरमें अथवा उपाश्रयमें विधिके अनुसार पंचशक्रस्तवसे देववंदन करे। पीछे जल आदि पीनेकी इच्छा हो तो पचक्खाण पारनेकी विधिके अनुसार पचक्खाण पारके जल आदिक परिभोग करे। पीछे चौथे पहरमें संध्यापडिलेहणकी विधिके अनुसार पडिलेहण करे। रात्रिका पोसह लेनेवालाभी पोसहकी

विधिके मुताबिक पोसह लेकर पडिलेहण करे ॥ रात्रि पोसहवाला प्रतिक्रमणके आदिमें इरिया-वहिय पढ़कर चौवीस थंडिलां पडिलेहण करे। प्रतिक्रमणमें सात लाख पापस्थानककी जगह ठाणेक-मणे चंकमणे इत्यादि पोसह अतिचार पढ़े ॥ जिसने दिनका पोसह न लिया हो और रात्रिका लिया हो तो वह सात लाख आदि बोले । प्रतिक्रमण करनेके बाद सज्झायका ध्यान करे । प्रहर रात्रि जानेपर संथारा पोरसी विधिके अनुसार पढ़ कर विधिसे शयन करे। पीछली रात्रिको ऊठकर नवकार मंत्र गिने । बाद इरियावहिय पढ़ कर खमासमण-पूर्वक कुसुमिण दुसुमिणका काउ-स्सग्ग करे । (पोसहवाला कुसुमिण दुसुमिणका काउस्सग्ग पहले करे पीछे चैत्यवंदन करे) सात लाखकी जगह संथारा उवट्टण इत्यादि पोसह अतिचार बोले । बाद प्रभात-पडिलेहणकी विधिके अनुसार पडिलेहण करे । तदनन्तर गुर्वादिक वन्दन करे बाद पोसह पाले ।

पोसहमें राइमुहपत्ति पडिलेहणको विधि ।

गुरुमहाराजके सामने खमासमण देकर इरियावहिय पढ़े। बाद खमा० इच्छा० राइमुहपत्ति पड़िलेहुं ? इच्छं, कहकर मुहपत्ति पडिलेहण करे। पीछे दो वांदणा दे कर इछा० राइयं आलोउं ? इछं, आलोएमि जोमेराइओ कहकर विधि-पूर्वक गुरु वंदन करे। बाद पचक्खाण लेकर बहुवेलका आदेश लेवे।

पोसह पारनेकी विधि ।

खमासमण देकर इरियावहिय पढ़े। बाद खमासमण-पूर्वक मुहपत्ति पडिलेहण करे। पीछे खमा० इच्छा० पोसह पारु ? यथाशक्ति, खमा० इछा० पोसह पारेमि ? तहत्ति कहकर जीमना हाथ नीचे रखकर तीन नवकार गिने, पीछे खमा० देकर मुहपत्ति पडिलेहण करे। पीछे खमा० इछा० सामायिक पारु ? यथाशक्ति, खमा० इछा० सामायिक पारेमि ? तहत्ति कह कर जीमना हाथ नीचे रख, तीन नवकार गिन कर

भयवं दसण्ण भद्दो का पाठ पढ़े । पीछे दाहिना हाथ स्थापनाचार्यजीके सामने सीधा रख कर तीन नवकार गिने, (पोसह और सामायिक पारनेका पाठ एक ही वार कहा जाता है) यानी दोनोंके पारनेका पाठ एक ही है ।

देसावगासिक लेने और पारनेकी विधि ।

देसावगासिक लेनेकी विधि पोसह लेनेकी विधिके अनुसार समझना, परंतु पोसह लेनेके आदेशमें देसावगासिकका आदेश लेना । जैसे— देसावगासिक मुहपत्ति पडिलेहुं ? देसावगासिक संदिस्साउं ? ठाऊं ? देसावगासिक दंडक उच्चरावोजी ? करेमिभंते पोसहके पच्चक्खाणके बदले अहन्न भंते ? तुह्माणं समीवे देसावगासियं पच्चक्खामि इत्यादि देसावगासिकका पच्चक्खाण तीन वार उच्चरे । वहुवेलका आदेश न लवे, देसावगासिक जघन्यसे दो सामायिकका और उत्कृष्टसे १५ सामायिकका होता है ।

देसावगासिक पारनेकी विधि पोसह पा

विधिको तरह समजना जैसे—देसावगासिक पारुं ? पारेमि ? इत्यादि सामाइय पोसह संट्ठियस्सकी जगह सामाइय देसावगासियं संट्ठियस्स इत्यादि पाठ कहना ।

भक्ष्याभक्ष्य-विचार ।

प्राचीनकालके समय श्रावक लोग भक्ष्याभक्ष्यके सम्बन्धमें बड़ा ही उपयोग रखा करते थे, प्रायः उस समयके श्रावकोंको अभक्ष्य चीज़ोंका त्याग ही रहता था, वे लोग अभक्ष्य सेवन करना महा पाप और नरकका मार्ग समझते थे। यदि कोई न समझ कर या ग़लतीसे किसी अभक्ष्य पदार्थका सेवन कर लेता तो वह उसे बड़ाभारी दुःष्कर्म किया समझ कर अत्यन्त पश्चाताप करता और उसके लिये गुरुके पास जा कर यथाविधि आलोयणा-प्राथश्चित ले लेता था।

वर्तमान समयके श्रावक-श्राविकाओंमें इस

विषयकी पूरी शिथिलता पड़ गयी है। कई श्रावक भाई तो भक्ष्याभक्ष्य किसे कहते हैं, वह भी ठीक तरह नहीं समझते । कई भाई यदि इस विषयमें थोड़ासा कुछ जानते हैं; किन्तु इन्द्रियोंको लोलुपताके कारण भक्ष्याभक्ष्य को न सोच कर उसे सेवन करते ही रहते हैं। कई सज्जन खूब पढ़े-लिखे हैं, अंग्रेजी बी० ए० और एम० ए० पास किये रहते हैं, उनको इस विषयका ज्ञान भी ठीक रहता हैं; किन्तु फिर भी वे लोग रस-नेन्द्रियकी लालसामें पड़ कर अभक्ष्य पदार्थोंका सेवन आनन्द-पूर्वक करते ही रहते हैं, यदि उनसे इस विषयमें कुछ कहा जाय तो यही उत्तर मिलेगा कि "आलू, बैगन न खानेसे थोड़े ही धर्म या मोक्ष प्राप्त होता है ?" इसी तरह और भी अनेक प्रकारके कुतर्क करने लगते हैं। उस समय यदि उन्हें शास्त्र-प्रमाण देकर ठीक तरह समझाया जाय तो उसे भी वे लोग अङ्गिकार करनेको तैयार नहीं होते। और जब अपना पक्ष

कमजोर देखते हैं, तब इस विषयको हँसी-दिल्लगीमें ले आते हैं।

प्यारे पाठक और पाठिकाओं! शास्त्रकारोंने भक्ष्याभक्ष्यके सम्बन्धमें जो अमूल्य उपदेश दिया है, वह वास्तवमें हम लोगोंके लिये बड़ा ही उपकार का काम किया है। यदि हम लोग भक्ष्य और अभक्ष्य पदार्थोंको शास्त्रके अनुसार समझ कर काममें लिया करें तो हमारे लिये बड़ा ही लाभदायी है। शास्त्रकारोंने अभक्ष्य पदार्थों का त्याग किया है, वह वास्तवमें सोच-समझ कर ही किया है। इस नियमके पालनसे सिवा लाभके किसी तरहकी हानि नहीं।

अभक्ष्य पदार्थोंके खानेसे अनेक स्त्री-पुरुष रोग-ग्रस्त और कमजोर हो गये हैं। ऐसे अनेक दृष्टान्त पढ़ने और सुननेमें आते हैं, कि अज्ञात फलके खानेसे कई स्त्री-पुरुषोंने अपने प्राणोंसे हाथ धोये हैं, कईयोंके हाथ-पाऊँ गल गये हैं। २ अभक्ष्य पदार्थ ऐसे भी हैं, जिनके खानेसे

उस समय तो परम आनन्द मालूम होता है। परन्तु कालान्तरमें उन्हींके कारण असाध्य रोग हो जाया करते हैं, जिनसे मनुष्य अल्प अवस्थामें ही संसारसे चल बसता है। अतएव मनुष्य मात्रको अभक्ष्य चीजोंका त्याग करना परमावश्यक है।

अब आप धार्मिक भावोंसे भी इस विषयका विचार कीजिये, जिससे आपको इसके त्यागका सच्चा महत्व और भी मालूम हो जायगा। जितने अभक्ष्य फल और कन्दमूल हैं, उन सभीमें दृश्य और अदृश्य रूपसे अनेक सूक्ष्मजीव रहते हैं। जब वह फल और कन्दमूल सेवन किये जायेंगे तो उन बिचारे जीवोंकी क्या दशा होगी यह आप स्वयं समझ लें। प्रत्येक प्राणीका कर्त्तव्य है, कि वह एक दूसरेकी आत्माको जहाँ तक वन पड़े बचानेका यत्न करे। छोटे-बड़े सभी जीवोंमें एकसी आत्मा है। उसमें छोटी-बड़ीका किसी तरह भेद नहीं। जितनी बड़ी आत्मा

आपमें है, उतनी ही उन सूक्ष्म जीवोंमें है। अतएव आपका पूर्ण कर्त्तव्य है, कि जिस पदार्थ-के खानेसे जीवहानि होती हो, या किसी जीवको कष्ट होता हो तो उस पदार्थको सर्वथा न खाना चाहिये। यदि कोई आपका दूसरा भाई खाता हो तो उसे भी खानेको निषेध करना आपका परम कर्त्तव्य है।

श्रावकको उत्सर्ग मार्गसे प्रासुक अहार लेना कहा है; पर यदि शक्ति न हो तो सचित्त पदार्थ का त्याग करे, यदि वह भी न बन पड़े तो बाईस अभक्ष्य और बत्तीस अनन्त कायका त्याग करना तो परम आवश्यक है। अतएव यहाँ पर हम अपने प्रेमी पाठकोंके लाभके लिये कौन-कौन से अभक्ष्य पदार्थ हैं। वह संक्षिप्त रूपसे समझा देते हैं। आशा है, पाठक गण इसे पढ़ समझकर यदि थोड़ासा भी लाभ उठायेंगे तो हम अपने परिश्रमको सफल समझेंगे।

बाईस अभक्ष्य किसे कहते हैं ?

पाँच तरहके उम्बर फल ५, चार महा विगइ ४, हिम १०, विष ११, करहा-ओले १२, सब तरहकी मिट्टी १३, रात्रा-भोजन १४, बहुबीज १५, अनन्तकाय १६, बोल आचार १७, घोलबड़ा १८, बेंगन, जिनके नाम अज्ञात हों ऐसे फल-फूल १६, तुच्छ फल २०, चलित रस २२, इन बाईस चीजोंको अभक्ष्य पदार्थ कहते हैं। अतएव श्रावक-श्राविकाओंको इनका त्याग जरूर करना चाहिये।

अभक्ष्य पदार्थ।

१ बड़के फल, २ पारस-पीपली (फालसा) या पीपलके फल, ३ प्लक्ष (पीपलकी ही जातिका वृक्ष है) ४ गूलर और ५ कचूमर या कालुम्बर, इन वृक्षोंके फलमें बहुतसे छोटे-छोटे जीव होते हैं, जिनकी गिनती नहीं हो सकती। इस

लिये ये सब अभक्ष्य हैं। दुष्काल पड़नेपर अन्न न मिले, तोभी विवेकी पुरुष इन्हें न खावे।

६, मधु ७ मदिरा ८ मांस ९ मक्खन, इन चारों वस्तुओंका जैसा रंग होता है, उसी रंगके असंख्य जीव इनमें निरन्तर उत्पन्न होते रहते हैं। इस लिये ये भी अभक्ष्य हैं—ये चार 'महा-विगइ' कहलाते हैं।

मधु।—मधुमक्खियाँ या भौंरे अपने भोजनके लिये जो मधु या शहद जमा करते हैं, उन्हें ही नीच जातिके लोग धुआँ दिखा कर या मारकर, चुरा लाते हैं। बेचारे असंख्य जीव मारे जाते हैं। तिस पर मधुमें भी बहुतसे जीव पैदा होते रहते हैं, इसलिये जिह्वाके स्वादके लिये तो क्या कहना, औषधके लिये भी इसे नहीं खाना चाहिये। इसे खानेसे नरक-गति प्राप्त होती है।

मदिरा।—इसका तो सर्वथा त्याग ही करना उचित है। अंग्रेज़ी दवाओंमें ज़रूर स्पिरिट (दारू) [illegible] है, इसलिये उन्हें भी नहीं खाना चाहिये।

अंग्रेज़ी दवाओंमें जो चूर्ण आदि होते हैं, उनमें भी बहुतसे अभक्ष्य पदार्थ मिले होते हैं। अतएव इनसे परहेज़ ही रखना उचित है।

मांस।—मछली, बकरा, हरिन, भेड़ा, चिड़िया आदि जीवोंको मारकर जो मांस प्राप्त होता है, वह महा अशुद्ध तथा अभक्ष्य है। सभी धर्म-ग्रन्थोंमें मांस खानेकी निन्दा की गयी है, तो भी लोग मोटे-ताज़े होनेके लोभसे या जिह्वाके स्वादके लिये दूसरोंके प्राण ले लेते हैं। यह महा अधर्म और पाप-कर्म है।

मांसके अन्दर प्रत्येक रग-रेशेमें अनेक त्रस जीव उत्पन्न होते हैं—उसे आगसे उबालने पर भी उसमें जीव उत्पन्न होते रहते हैं। इसी लिये धर्मात्माओंने मांस, अण्डे या मछलियोंका खाना बुरा बतलाया है।

आजकल कुछ पापियोंने घीमें चर्बी मिलाना शुरू किया है। यह महा पाप है। इसी प्रकार विलायती बिसकुट आदि खाना भी बुरा है—

इन्हें तो छूना भी नहीं चाहिये। कितनी ही अंग्
दवाएँ—जैसे, काडलीवर आयल (मछली
तेल), और मुम्बई* आदि कई औषधियें चर
वगैरहसे तैयार की जाती हैं। इनका सेव
करने वाले घोर नरकमें जानेका रास्ता तैय
करते हैं। जन्म, जरा, मरण, आधि, व्या
और उपाधिके दुःखसे छूटना हो, तो मनु
कभी इन चीज़ोंको न खाये।

मक्खन।—छाँछमें से मक्खन निकालते ही तु
उसमें जीव उत्पन्न होने लगते हैं, इसीलिये
अरिहन्त भगवान्‌ने इसका खाना मना किया
प्रभुकी आज्ञाका अवश्यही पालन करना चाहि

ओस।—१० बर्फ़, और ओले,—इन ती
भी बड़ादोष है। अप्काय (हर एक सचित्त प
की प्रत्येक बूंदमें असंख्य जीव होते हैं—

* मुबई नामक औषधी—पशु और मनुष्योंके कलेजे
निकाल कर बनायी जाती है। इसलिये वह प्रत्यक्ष रूपसे
है। इस औषधीके स्थान पर यदि शीलाजित काममें ला
तो बड़ा ही लाभदायक है।

उनका आकार सरसों बराबर भी हो जाय, तो उनकी गिनती इतनी अधिक होती है, कि फिर तो वे सारे जम्बूद्वीपमें भी न समा सकें। परन्तु चूंकि पानीके बिना प्राणीका जीना ही कठिन है, इसलिये अवश्यक्ताके अनुसार खर्च करना पड़ता है। परन्तु उसीका जमा हुआ रूप जो बर्फ़ है, उसमें तो और भी बहुतसे जीव इकट्ठे होकर मर जाते हैं, इसलिये थोड़ी देरके स्वादके लिये ऐसी चीज़ कभी न पीना। बहुत गरमी मालूम पड़े तो चन्दनका लेप करे या बादाम तथा चन्दनक शरबत पिये।

कुदरती बर्फ या ओलेका पानी भी नहीं पीना चाहिये; क्योंकि उस पानीमें असंख्य जीव होते हैं। यह तीर्थंकर महाराजका ही किया हुआ निषेध है। आइसक्रीम, आइस वाटर, आइस सोडा, कुलफी आदि बर्फ़की बनी चीज़ों का भी त्याग करना चाहिये।

११ विष—भाँग, अफ़ीम, वच्छनाग, हर-

इन्हें तो छूना भी नहीं चाहिये। कितनी ही अंग्रेज़ी दवाएँ—जैसे, काडलीवर आयल (मछलीका तेल), और मुम्बई* आदि कई औषधियें चरबी वगैरहसे तैयार की जाती हैं। इनका सेवन करने वाले घोर नरकमें जानेका रास्ता तैयार करते हैं। जन्म, जरा, मरण, आधि, व्याधि और उपाधिके दुःखसे छूटना हो, तो मनुष्य कभी इन चीज़ोंको न खाये।

मक्खन।—छाँछमें से मक्खन निकालते ही तुरत उसमें जीव उत्पन्न होने लगते हैं, इसीलिये श्री अरिहन्त भगवान्‌ने इसका खाना मना किया है। प्रभुकी आज्ञाका अवश्यही पालन करना चाहिये।

ओस।—१० बर्फ़, और ओले,—इन तीनोंमें भी बड़ादोष है। अप्‌काय (हर एक सचित्त पानी) की प्रत्येक बूंदमें असंख्य जीव होते हैं—यदि

---

* मुबई नामक औषधी—पशु और मनुष्योंके कलेजेसे रक्त निकाल कर बनायी जाती है। इसलिये वह प्रत्यक्ष रूपसे अभक्ष्य है। इस औषधीके स्थान पर यदि शीलाजित काममें लाया जाय तो बड़ा ही लाभदायक है।

उनका आकार सरसों बराबर भी हो जाय, तो उनकी गिनती इतनी अधिक होती है, कि फिर तो वे सारे जम्बूद्वीपमें भी न समा सकें। परन्तु चूंकि पानीके बिना प्राणीका जीना ही कठिन है, इसलिये अवश्यक्ताके अनुसार खर्च करना पड़ता है। परन्तु उसीका जमा हुआ रूप जो बर्फ़ है, उसमें तो और भी बहुतसे जीव इकट्ठे होकर मर जाते हैं, इसलिये थोड़ी देरके स्वादके लिये ऐसी चीज़ कभी न पीना। बहुत गरमी मालूम पड़े तो चन्दनका लेप करे या बादाम तथा चन्दनक शरबत पिये।

कुदरती बर्फ़ या ओलेका पानी भी नहीं पीना चाहिये ; क्योंकि उस पानीमें असंख्य जीव होते हैं। यह तीर्थंकर महाराजका ही किया हुआ निषेध है। आइसक्रीम, आइस वाटर, आइस सोडा, कुलफ़ी आदि बर्फ़ की बनी चीज़ों का भी त्याग करना चाहिये।

११ विष—भाँग, अफ़ीम, वच्छनाग, हर-

ताल, संखिया, धतूरा आदि जहरीली और नशीली चीजें अभक्ष्य हैं; क्योंकि इनके खानेसे पेटके कीड़े मर जाते हैं, शरीर शिथिल हो जाता है और आदमी बेसुध सा हो जाता है। इस लिये शौक़ या बल प्राप्तिके लिये इन्हें नहीं खाना चाहिये—दवाके लिये खा सकते हैं। नशों-का व्यसन बड़ा ही बुरा होता है। इससे इस लोकमें भी बुराई होती है और परभवमें भी। अकसर स्त्रियाँ बच्चोंको नींद आनेके लिये थोड़ी सी अफ़ीम खिला दिया करती हैं; पर इससे बच्चोंको कुछ फ़ायदा नहीं पहुंचता, उलटी हानि होती है। साथ ही कहीं भूलसे उसने पुड़िया उठाकर खाली, तो जान जानेका डर होता है। इस लिये इसका ध्यान रखना चाहिये, कि स्त्रियाँ इस कामको न करें।

१२, ओले—आकाशसे जो वर्षाके पानीके साथ ओले गिरते हैं, वे भी बर्फ़की तरह अभक्ष्य हैं।

१३—भूमिकाय (पृथ्वीकाय) सब तरहकी मिट्टी, खड़िया, खार, नमक, आदि अभक्ष्य हैं; क्योंकि इनमें असंख्य जीव होते हैं। इनके बदले बहुत सी ऐसी चीजें काममें लायी जा सकती हैं. जो अचेतन हैं। खार या भूतड़ा नहाने-धोनेके काममें लाते हैं, वे उसके बदलेमें सोड़ा, आँवला, कंकोल, साबुन आदि काममें ला सकते हैं।

मिट्टी खानेसे पेटके असंख्य जीव मर जाते हैं और पाण्डु, आमवात, पित्त और पथरी रोग होते हैं। यदि भूलसे खाने—पीनेकी चीजोंमें धूल या कंकड़ी आ जाय, तो उसका दोष नहीं लगता, तथापि उपयोग रखना जरूरी है।

कच्चा सचित्त नमक श्रावकको त्याग करना चाहिये। अचित्तका व्यवहार करना चाहिये। दाल और शाकमें डाल देनेसे नमक सचित्तसे अचित्त हो जाता है, परन्तु मसाले या औषधिमें अचित्त नमकका व्यवहार किया जा

१४—रात्रिभोजन-रातको भोजन करना इस भव और परभव दोनोंहीके लिये दुःखका कारण है। रातको खानेवाले उल्लू काग, गीध, बिच्छू, चूहा, बिल्ली, सांप चिमगादड़ आदिकी योनिमें उत्पन्न होते हैं, बड़े दुःख पाते हैं और धर्मकी तो उन्हें प्राप्ति ही नहीं होती। स्वयं रातको भोजन करनेसे बाल-बच्चे भी वही चाल चलने लगते हैं। रातको खानेसे भोजनके साथ जीव-जन्तुओंके मिल जानेका भी बड़ा डर रहता है। उत्तम पशु-पक्षी भी रातको नहीं खाते। दिनको भी अन्धेरे या छोटे बरतनमें खाना मना है। दिनका बना हुआ भोजन रातको और रातका बना हुआ दिनको खाना भी दोषयुक्त है, सूर्योदयके दो घड़ी बाद तथा सूर्यास्तके दो घड़ी पहले खाना चाहिये। इसके पहले या पीछे खाना मना है। रातको पानी पीना रुधिरपान तथा भोजन करना मांस-भोजन करनेके समान है। प्यारके मारे बच्चोंको रातमें खिलाना मना है।

१५—बहुबीज-जिन फलोंमें बीज-बीजमें अन्तर न हो, अर्थात् एकसे दूसरा सटा हुआ इस प्रकार बीज हों, उनको बहुबीज जानना। इनके प्रत्येक बीजमें जीव होते हैं, इसलिये इनका व्यवहार नहीं करना। अनार अभक्ष्य नहीं है।

१६—आचार बहुतसी चीजोंके बनते हैं, पर कोई-कोई तो तीन दिनमें ही अभक्ष्य हो जाते हैं। आचार अधिक तेलमें डुबाये जानेसे अचित हैं; क्योंकि ऐसा होनेसे उनके बिगड़नेका डर नहीं और तबतक वे भक्ष्य बने रहते हैं। आचारके बर्त्तन बड़ी सफाईसे और खूब अच्छी तरहसे मुंह बन्द करके रखे जाने चाहियें। जहाँतक हो सके, आचार जल्दी खाके ख़तम कर देने चाहियें। वर्षों तक पड़े रहने देना ठीक नहीं।

१७—द्विदल ऐसे पदार्थ जिनकी दो फाँक दाल हो सकती हो, जिनको पेरनेसे तेल नहीं निकले और जिनके रोपनेसे फल नहीं होता, २

सबको द्विदल कहते हैं,--जैसे, चना, मूंग, अर-हर, उड़द, बजरा, मक्का, कुलथी, मटर, ग्वार, मसूर आदि। इनकी दाल, पकौड़ी, भाजी चाहे कुछ बनाकर खाइये। इसके साथ अगर दूध, दही या मठेका संयोग होता है, तो तुरत ही दो इन्द्रियोंवाले जीव उत्पन्न होते हैं। छाछ, दूध या दहीको खूब गरम करके अथवा गरम करनेके बाद ठंडे पानीमें मिलाकर किसी विदल पदार्थके साथ मिलानेसे दोष नहीं होता। मेथी ग्वार या अन्य बिना तेजवाले पदार्थों के पत्तोंका साग, मटर, चना, ग्वारकी फली, मूंगकी फली मटरकी फली, हरे चनेके पत्तोंके साग, सुखौंते या आचार अथवा दालमोठ, बुंदिया, गांठिया आदि तले हुए पदार्थों के साथ तथा उड़द, मूंग, आदिके पापड़ या बड़ेके साथ या मेथी पड़े हुए अचारमें कच्चा गोरस (दूध, दही या मठा) नहीं डालना चाहिये। दही-बड़ा अगर उबाले हुए गोरसका हो तो उसी दिन, खाना,

नहीं तो अभक्ष्य है। राई तथा सरसों द्विदल नहीं है, क्योंकि उनमें तेल होता है। सिखर-नके साथ भी द्विदलका स्पर्श नहीं करना चाहिये। स्पर्शदोष टालनेके लिये दाख, केला खजूर वगैरहका रायता भी गोरस गरम करके बनाना चाहिये। यदि गेहूं या बाजरेकी रोटीके साथ कच्चा गोरस खानेकी इच्छा हो तो द्विदल-वाले वर्त्तन, हाथ, मुँह आदि धोकर ही विदल-पदार्थ भोजन करने चाहिये। कहनेका तात्पर्य यह कि किसी प्रकार द्विदल-पदार्थके साथ कच्चे दूध-दही छांछकी छुआछूत नहीं होनी चाहिये। गोरस खूब गरम कर लेनेपर उसके साथ द्विद-लके संयोगसे कोई दोष नहीं होता। इसलिये कढ़ी, वड़े या रायता बनाते समय गोरसको खूब गरम कर लेना चाहिये।

१८ वैगन—सब तरहके वैगन खाना छोड़ देना चाहिये; क्योंकि इसमें बहुत बीज होते हैं-इसके मुँहपर सूक्ष्म त्रस-जीव (कीड़े) होते

हैं। यह काम और निद्राको बढ़ानेवाली चीज़ है। इससे पित्तवाले रोग होते हैं। इसे खाना एकदम मना है। इसका तो आचार वगैरह कभी बनना ही नहीं चाहिये। रोग और पापके इस आगारको तो तिलाञ्जलि ही दे देनी चाहिये।

१६ अनजाने फल—जिस फलका नाम नहीं मालूम हो, जिसे कोई न खाता हो, उसका फल या फूल कभी नहीं खाना चाहिये। उसके गुण-दोषका जब पता ही नहीं, तब कौन जाने वह ज़हर ही हो? इसलिये उसका सदैव त्याग ही करना उचित है।

२० तुच्छफल—जो असार पदार्थ तृप्ति-कारक नहीं हो, जैसे खट्टे जामुन, पीलू, पीचू, गुण्डी, आमकी केरियों, आदि तुच्छ फल हैं। चना, मटर, ग्वार, बाजरा, शमो आदि केवल तथा अन्य फलोंको जो अत्यन्त कोमल होते हैं।
च्छ ही जानना, क्योंकि कोमल अवस्थामें

वनस्पतियां अनन्तकाय होती हैं। इसलिये उनका कोमल अवस्थामें भक्षण करनेसे अनन्तकाय-व्रतका भङ्ग होता है। ऐसी चीजें कितनी भी खा जाओ, तो भी जी नहीं भरता। साथही जो ऐसे तुच्छ फल बहुत खाता है, उसके बहुत रोग भी होते हैं। इसलिये इन सब तुच्छ फलोंका त्याग ही करना चाहिये।

२१ चलित रस—सड़ा हुआ अन्न, बासी रोटी या पूरी, भात, दाल, साग, खिचड़ी, हलुआ, लपसी, भुंजिया, बर्फी, पेड़ा, ढोंकला, (दाल, और चांवलके चूर्णका बना हुआ) आदि खानेकी चीजें एक रात बीत जानेपर बासी-हो जाती हैं-यही नहीं, सूर्यके अस्त होते ही उनके स्वाद, गन्ध, रस और स्पर्शमें परिवर्त्तन हो जाता है और वह "चलित रस" हो जानेसे अभक्ष्य पदार्थ हो जाते हैं। यदि बरसातके दिनोंमें बड़ी उत्तमरीतिसे मिठाई बनायी गई हो, तो उत्तम तो यही है कि उसे पन्द्रह दिनों-

तक काममें लाये, मध्यम यह है, कि २० दिन तक काममें लाये और लाचारी दर्जे एक महीने तक उसे खा सकते हैं। यदि बनानेमें ही कच्ची रह जाये, तो उस दिनकी बनी हुई उसी दिन अभक्ष्य हो जाती है। शास्त्रमें जितना समय दिया हुआ है, उसके बाद पदार्थके चलित-रस हो जानेसे उसमें असंख्य दो इन्द्रियोंवाले जीव उपन्न हो जाते हैं। इसलिये श्रावकोंको चाहिये कि, बासी चीजें कभी न खायें। भोजनकी थालीमें जूठा भी नहीं छोड़ना चाहिये। वल्कि खानेके बाद थाली धोकर पी लेना चाहिये। यदि खानेसे बचा हुआ अन्न किसी जानवरको दे दिया जाये, तो और भी अच्छा है। दिनकी बनी चीजें सूर्यास्तके पहले खा लेनी चाहिये। रातकी बनी चीजें सवेरे खाना उचित नहीं। सवेरे सूर्यकी किरणें निकलनेके वाद चूल्हा जलाना और सूर्यास्त होते ही उसे बुझा देना चाहिये। अर्थात

रातको कभी चूल्हा नहीं जलाना चाहिये।

चलित रसके सम्बन्धमें अन्य सूचनाएं ।

१ आटा—विना छलनीमें चाला हुआ आटा पीसनेके बाद् कुछ दिनोंतक मिश्र (यानी कुछ सचित्त और कुछ अचित्त) रहता है—इसके बाद् वह अचित्त हो जाता है। सावन-भादोंमें विना चाला हुआ आटा पांच दिनोंतक मिश्र रहता है। आश्विन-कातिकमें चार दिन, मगसर-पूसमें ; ३ दीन ; माघ-फगुनमें पांच-पहर ; चैत्र-वैसाखमें चार पहर ; जेठ-असाढ़में तीन पहर। इसके बाद् वह अचित्त हो जाता है। और जिस दिन आटा पोसा गया हो, उसी दिन चाल लिया गया हो तो सभी ऋतुओंमें उसी दिन अचित्त हो जाता है और दो घड़ी बाद् मुनि महाराज भी उसे खा सकते हैं। अचित्त हो गये हुए आटेमें भी वर्ण, गन्ध, रसका परि-वर्तन हो गया हो तो वह अभक्ष्य हो जाता है। अगर उसमें कीड़े पड़ गये हो, तो उसे चाल कर

भी नहीं खाना चाहिये। चौमासेके दिनोंमें आटा हर रोज दोनों वक्त चालना चाहिये और जाड़े गरमीमें एक वक्त। कारण नहीं चालनेसे उसमें जाली पड़ जाती है और वह अभक्ष्य हो जाता है। आटेको हरदम इस्तेमाल करनेके पहले चाल लेना चाहिये। गेहूं और चनेके आटेसे बाजरेका आटा बहुत जल्द बिगड़ता है। इस लिये उस पर ज्यादा ख़याल रखना चाहिये। व्यापारी पुराना अन्न बेचा करते हैं। इस लिये पिसवानेके पहले अनाजको अच्छी तरह देख लेना चाहिये। नहीं तो कितनेही छोटे-छोटे जीवोंके भी पिस जानेका डर रहता है। चौमासेमें तो ख़ास करके हर एक चीज़में कीड़े पड़ जानेका डर रहता है। इसलिये नाजको बराबर देखते रहना चाहिये, इन सब बातोंकी तरफ़ स्त्रियोंको पूरा ख़याल देनेकी जरूरत है। इसमें उनकी बुद्धिमानी है। पहलेतो बड़े-बड़े घरोंकी स्त्रियां भी जीवदयाकी ख़ातिर अपने घरके काम लायक़ आटा आपही

पीसलिया करती थी; पर आजकलके ज़मानेमें तो इसमें अपनी हलकाई समझी जाती है।

२ जलेबी—जिस तरिकेसे जलेबी बनायी जाती है, वह बहुतही ख़राब है। उससे बहुतसे जीवोंकी उत्पत्ति होनेका भय रहता है। मेदेको कई दिन रखे विना और उसमें कुछ खटाई डाले विना जलेबी फूलती नहीं है। इसलिये इसे तो कभी खाना ही नहीं चाहिये। बाज़ारकी तो और भी ख़राब होती है।

३ हलवा—हलवा यदि जिस दिन बने उसी दिन खाया जाये, तो भक्ष्य है। नहीं तो अभक्ष्य है। बासि तो खाना ही नहीं चाहिये।

४ इमरती—यह जलेबीकी सी होती है। पर इसमें बासी या खट्टी मैदानी काममें नहीं आती, अतएव जिस दिनकी बनी हो उस दिन खानेमें कोई हर्ज नहीं है। दूसरे दिन अभक्ष्य हो जाती है।

५ मावा (खोया)—दूधका मावा जिस

दिनका बना हो उसी दिन भक्ष्य है । रातको अभक्ष्य हो जाता है। अगर वह घीमें भून लिया जाये तो रात-भर रह सकता है । उससे पेड़ा, बर्फी, गुलाबजामुन आदि मिठाई उसी दिन बनानी और सिर्फ ५ दिन तक खानी चाहिये। उसके बाद उसका रंग और स्वाद बिगड़ जाता है। कितने ही हलवाई मावेके साथ रतालू आदि कन्द मिला देते हैं। इस बातका ध्यान रखना चाहिये।

६ मुरब्बा—आमका मुरब्बा जाड़ा, गरमी और बरसातके दिनोंमें जबतक उसका रंग, गन्ध, रस और स्पर्श नहीं बदले तबतक खाने योग्य है। जैसाकि आचारके प्रकरणमें लिखा है। अगर वैसीही सफ़ाई और सावधानीके साथ उसे रखा जाये तो ठीक है। मुरब्बेकी चाशनी अगर नरम हो, तो बिगड़ जाती है। पन्द्रह बीस दिनमें ही उसके मुरब्बेमें खराबी आ जाती है। इस लिये ऐसी चीजें बड़ी सावधानीसे बनानी चाहियें।

चौमासेमें तो इन चीजोंकी और भी देख-भाल करनेकी ज़रूरत है। मुरब्बेकी चाशनी नरम हो, तो थोड़े दिनमें मुरब्बा बिगड़ जाता है। नरम चासनीके मुरब्बेमें पन्द्रह-बीस दिनमें ही काईसी जमने लगती है। मुआ उठने लगता है। मुरब्बे या आचारका बर्तन खुला रखनेसे भी खराब होनेका डर रहता है। इसके विपरीत मिठाई या गाँठिया वगैरह बन्द रहनेसे ही खराब हो जाते हैं। चौमासेमें तो हवा लगनेसे भी चीजें बिगड़ने लगती हैं। इसलिये जो चीज़ जिस तरीकेसे रखने योग्य हो, वैसेही रखनी चाहिये।

७ सेव, वड़ी, पापड़ आदि चीजें जाड़े-गरमीमें सूर्योदय होनेपर ही बनानी और सूर्यके अस्त होनेके पहले ही सुखा लेनी चाहिये। नहीं तो वे बासी हो जाती हैं। चौमासेमें तो ऐसी चीजें बनाकर रखना हीं ठीक नहीं, क्योंकि उनमें पीले रंगकी काईसी जम जाती और अनेक त्रस जीव उत्पन्न हो जाते हैं। चौमासेमें बने हुए

पापड़ प्रतिदिन फेरफार कर देखते रहना चाहिये। भरसक तो इस ऋतुमें इन्हें काममें नहीं लानाही अच्छा है। ऐसी चीजें बनी रखी हो, तो आषाढ़ सुदी १५ के पहले ही खाडालना चाहिये और फिर कार्त्तिक सुदी १५ के बाद बनाना चाहिये। बाजारकी बनी हुई ये चीजें तो खानी ही नहीं चाहिये। श्राद्ध-विधिमे लिखा है, कि चौमासेमे सेव, बड़ी और पापड़ नहीं खाना चाहिये।

८, दूधपाक—बसौंधी, खीर, सिखरन. दूध मलाई आदि चीजें दूसरे दिन बासी हो जाती हैं। इसलिये अभक्ष्य हो जाती हैं। रातको भी ये चीजें अभक्ष्य होती हैं। दही या दहीकी मलाईके विषयमें भी यही समझना चाहिये।

९, आम—आर्द्रा-नक्षत्रके बाद आमका रस चलित होने लगता है, इसलिये आम अभक्ष्य हो जाता है। सड़े हुए, उतरे हुए, बदबूदार आम एक दम अभक्ष्य हैं। चूसकर खानेकी अपेक्षा रस निचोड़कर खाना ठीक है। यह रस भी

ज्यादा देरतक नहीं रखना चाहिये। यदि चार-छ:या आठ घड़ीबाद खाना हो, तो ठंडे पानीके बर्त्तनमें रसवाला बर्त्तन रख देना चाहिये और ऐसी जगह रखना चाहिये, जहाँ गरमी न लगे। आर्द्रा-नक्षत्रके बाद तो आमका खाना छोड़ ही दना चाहिये।

१०, पापड़ —सेकें हुए पापड़ दूसरे दिन वासि हो जाते हैं। घी या तेलके तले हुए पापड़ दूसरे दिन खासकते हैं।

११, चटनी—धनिये और पुदीनेकी चटनीमें सेके हुए चने या गाँठिया आदि डाल कर जो चटपटेदार चटनी बनायी जाती है। वह जिस दिन बने उसी दिन भक्ष्य है। दूसरे दिन नहीं। नीबू, करौंदी, धनीया, पुदीना आदि चीजोंकी चटनीमें यदि किसी तरहका अनाज न पड़े तो भक्ष्य है। भरसक तो चटनी रोज ही ताजी बना कर खानी चाहिये।

१२, मसाला—आटे या मेथीके साथ बनाया

हुआ मसाला दूसरेही दिन अभक्ष्य हो जाता है।

१३, पकवान—पकवान या मिठाइका जब तक रुप रस या गन्ध नहीं बिगड़े तबतक भक्ष्य रहते हैं। बरसातके दिनोंमें उत्तम रीतिसे बनायी हुइ मिठाइ पन्द्रह दिन गरमीमें २० दिन तथा जाड़ेमें एक महीने तक भक्ष्य रहती है। हलवाईकी दूकानकी मिठाईका समय यह नहीं हो सकता; क्योंकि इसका कोई ठीक नहीं रहता कि उसने कब मिठाई बनायी। अगर वर्ण, गन्ध, रसमें फ़र्क पड़ जाये तो इस समयके पहले ही अभक्ष्य हो जाती है। दूकानकी मिठाईमें बहुतेरे दोष हैं। इसलिये जहाँतक होसके घरपरही बनवानी चाहिये। बरसातमें तो भूलकर भी हलवाई की दूकानकी मिठाई नहीं खानी चाहिये।

१४, बेसनकी चीजें—सेव, गाँठिया, बुंदिया दालमोठ आदि बेसनकी चीज़ोंका समय मिठाईके ही समान जानना। भुजिया, कचौरी, पूरी, मालपुआ आदि नरम चीज़ें तो दूसरे ही दिन बासी हो जाती हैं। इसलिये अभक्ष्य हैं।

१५, चूरमेका लड्डू—यदि तला हुआ न हो तो दूसरे दिन बासी हो जाता है, नहीं; तो दूसरे तीसरे दिन भी खा सकते हैं। बहुतसे लोग चूरमे के लड्डू या अन्य मिठाइयोंमें तिल डालते हैं। तिल अभक्ष्य है इसलिये उसका त्याग करना चाहिये ।

१६, रसोई—गरमीके दिनोंमें सवेरेकी रसोई, (दाल, भात, आदि) शामको स्वाद हीन (चलित—रस) हो जाती है, इसलिये अभक्ष्य है। रोटी—पूरी भी बड़ी हिफ़ाज़तसे रखना चाहिये ।

१७, भात—रींधे हुए भातपर यदि दही या छाछके छींटे डाले जाये तो वह आठ पहर तक भक्ष्य रहता है; पर सवेरेका पकाया हुआ भात इसी तरह दहीके छींटे डाल कर रखा गया हो, तो सिर्फ़ उसी दिन तक भक्ष्य रहता है—सूर्यास्तके बाद वह काम लायक़ नहीं रहता ।

१८, दही—सवेरेका जमाया हुआ दही

सोलह पहर तक काम लायक रहता है। इसके बाद अभक्ष्य हो जाता है। साँझका जमाया हुआ दही १२ पहर बाद अभक्ष्य हो जाता है। इसका हिसाब यों लगाना चाहिये, कि रविवारको दिनमें दस बजे दही जमाया जाये तो उस समयसे नहीं, बल्कि सूर्योदयसे ही समयकी गिनती होगी। वह दही मंगल वारके सूर्योदय के पहले—पहल खालेना चाहिये। इसके बाद उस दहीके छांछका सोलह पहर समय गिना जायेगा। दूधका यदि रंग वगैरह न पलट गया हो, तो वह चार पहर तक पीने योग्य होता है। दोपहर या संध्याके बाद दुहा हुआ दूध हो, तो उसमें रातके बारह बजेके पहले-पहल जोरन (मेलन) डाल देना चाहिये।

बाज़ारका दही नहीं खाना चाहिये; क्योंकि बाज़ारके बर्त्तन-बासनका कोई ठिकाना नहीं रहता—कभी-कभी तो उसमें मरे हुए कीड़े भी मिलते हैं। काँजीका काल भी १६, पहरका

है । इस प्रकार दूध, दही, छाँछ मट्ठे का जो समय कहा गया है । उसके पहले भी यदि उनका रूप, रस, गन्ध विगड़ जाये तो उन्हें अभक्ष्य जानना चाहिये ।

१६, दूध — दूध चार पहर तक भक्ष्य रहता है; पर साँझका दुहा हुआ दूध आधी रातके पहले ही इस्तेमालमें आजाना चाहिये । कभी-कभी गरमीके दिनोंमें कड़ी गरमीमें, बड़ी देर तक बिना गरम किये छोड़ देनेसे बिगड़ जाता है; पर उसे दही समझ कर काममें नहीं लाना चाहिये; क्यों कि उस दूधका वर्णादिक पलट जानेसे वह अभक्ष्य हो जाता है । आजकल बहुत से दूध बेचनेवाले रातको दूध खूब गरम करके उसमेंसे मलाई निकाल लेते हैं । और उसमें अरारोट मिलाकर सबेरे ताजा दूध कहकर उसी को बेचदेते हैं । इसका पूरा ख़याल रखना ।

बिगड़े हुए या वासी दूधका दही, खीर, बसोंधी, मलाई, खोआ आदि नहीं खाना चाहि-

ये। जहाँतक हो सके, तुरतका दुहा हुआ दूध झटपट गरम कर लेना चाहिये, नहीं तो उसके बिगड़नेका डर रहता है। बिना छाने दूध नहीं पीना चाहिये। जैनशास्त्रोंमें इन ७ चीज़ोंका छान लेना बहुत ज़रुरी बताया गया है।

(१) मीठा पानी (२) खारा पानी (३) गरम-पानी (४) दूध (५) घी (६) तेल और (७)आटा।

दुध बेचने वाले अकसर दूधमें पानी मिला देते हैं। उन्हें इसका विचार नहीं रहता, कि उस पानीमें कीड़े हैं या बाल हैं या वह पानी छना हुआ है या नहीं।

गाय, भैंस, बकरी और भेंड़का दूध तो ग्रहण करने योग्य है और किसी जानवरका नहीं। जो दूध जल्द बिगड़ जाता है, वह रोग उत्पन्न करता है।

२०, घी—घीका रुप, रस, गन्ध, स्पर्श बिगड़ जाय, तो वह अभक्ष्य हो जाता है। बहुत दिनका रखा हुआ घी भी बिगड़ जाता है।

आज कल बहुतसे बेईमान घीके व्यापारी चर्बी, रतालू आदि मिला कर घी बेचते हैं। इधर कई दिनोंसे तो "वनस्पति-घृत"के नामसे एक प्रकारका विलायती घी बिकने लगा है। यह सब अभक्ष्य हैं। इसकी ओर सबको ध्यान देना चाहिये। घी बनानेवाले यदि मक्खनसे घी निकाल कर तुरत आग पर रख गरम कर लिया करें तो ठीक है' नहीं तो अक्सर देखा जाता है, कि वे दो-चार या पाँच-सात दिनका इकट्ठा हुआ मक्खन लेकर घी बनाते हैं। जिनके घरमें गाय भैंस हो, उन्हें तो अपने घर घी तैयार करनेकी चेष्टा करनी चाहिये।

२१—बलि—हालकी व्यायी हुई गाय-भैंसके तुरत दुहे हुए दूधकी बलि बनती है। व्यायी हुई गायका दूध १० दिन, भैंसका १५ दिन, बकरीका ८ दिन तक ग्रहण करने योग्य नहीं है।

२२—खट्टी पकौड़ी—जो चाँवल, उरद या चनेकी दालकी दहीमें पकौड़ी बनायी जाती

है। वह रातकी बनायी हुई अभक्ष्य होती है। सूर्योदयके बाद बनानी और सूर्यास्तके पहले ही खालेनी चाहिये। रोटी, पूरी, दाल, कढ़ी, भुजिया, पकौड़ी या बिना दही छिड़का हुआ भात आदि चीज़े बासी होने पर बिलकुल ख़राब हो जाती हैं। इनके खानेसे अनेक जीवोंके विनाशका भय रहता है, शरीरमें बहुतसे रोग पैदा होते हैं, प्रभुकी आज्ञाका भी उल्लंघन होता है। इसलिये हमको हरएक चीज़ तुरतकी ताज़ीही खानी चाहिये। बहुतसी जगह यह रिवाज है, कि शीतलाष्टमीके दिन चूल्हा नहीं जलाते और रातकी बनी हुई चीज़े दूसरे दिन सवेरे और शामको खाते हैं। यह बिलकुल मिथ्यात्व है। इसे छोड़ देना चाहिये।

२३ दही-बड़े—अगर गरम दहीमें बनाये हों, तो उसी दिन भक्ष्य हैं। कच्चे दहीके बड़े अभक्ष्य हैं।

२४, खाखरा—गुजरात आदि प्रान्तोंमें

गेहूंका खाखरा बना कर सुखा कर रख लिया जाता है और लोग उसे पाँच-सात या अधिक दिनतक खाते रहते हैं । अक्सर लोग उसी बरतनमें ऊपरसे भी खाखरा बना बना कर रखते जाते हैं । ऐसा करना उचित नहीं जिस बर्तनमें रखते हैं, उसे तो हरदम साफ़ ही रखना चाहिये नहीं तो उसमें कितने ही त्रस ज़ीवोंके पैदा हो जानेका डर रहता है ।

२५—पापड़की लोई, बड़ा, मीठी पूरी—उरद, मूंग आदिके बड़े या मीठी पूरी, मुलायम रोटी सवेरेकी बनी हुई हो, तो चार पहर तक खाने योग्य रहती है ।

२६ जुगलीराब—ज्वार या मक्काके आदेको छाँछमें रींध कर जो 'राब' बनायी जाती है उस जुगली राबका समय १२ पहरका है । इसके उपरान्त वह अभक्ष्य हो जाती है । अन्न कम और छाँछ ज्यादा हो तो जुगली राब और छाँछ कम तथा अन्न ज्यादा हो तो 'घाट' कहलाती है । इसका समय ८ पहर है ।

२७ रायता—केला, दाख, खजूर, छुहारे आदिका रायता बनाते हैं। इसका समय १६ पहरका कहा गया है। यदि इसे विदलके साथ खाना हो, तो खूब गरम करके दही डालना चाहिये। सेव, गाँठियाँ, बुंदिया आदि डाल कर रायता बनाना हो तो पहले दही गरम करके तब इन बिदल पदार्थोंको मिलाना चाहिये। यह रायता शाम तक खाने योग्य है।

२८ भूना हुआ अन्न-चावल, चना, मटर, मक्का आदिको भून कर चबेना बनाते हैं। इसका काल-प्रमाण भूंजिया, पूरी, चूरमेके लड्डू आदिके समान है। इसे चौमासेमें १५ दिन, जाड़ेमें १ महीना और गरमीमें २० दिन जानना।

२९ ढुंढणिया-यह काठियावाड़में बनती है। ज्वार-बजरेमें पानी डालते और कूटते हैं। इसके बाद उसे सुखाकर भूसी अलग कर देते हैं। उसका समय वर्षामें १५ दिन, जाड़ेमें १ महीना और गरमीमें २० दिन।

३२ बत्तीस अनन्तकाय।

सभी अनन्तकाय अभक्ष्य हैं; क्योंकि एक सुईकी नोक बराबर जगहमें कन्द-मूलोंकी कलीमें अनन्त जीव रहते हैं। अतएव श्रावकोंको उचित है कि अनन्तकायसे परहेज़ करें। एक जिह्वाके स्वादके लिये अनन्त जीवोंकी हानि करना बहुत ही बुरा है। अनन्तकायका सर्वथा त्याग करनेसे अनन्त जीवोंको अभयदान देनेका फल मिलता है। क्या अभक्ष्य-भक्षण किये बिना हमारा निर्वाह नहीं हो सकता? क्या और वनस्पतियोंका अकाल पड़ गया है? जो लोग प्राण जायें, तो जायें, पर अभक्ष्य पदार्थ नहीं खाते, वे धन्य हैं। जो अपने बुरे कर्मोंके वशमें पड़ कर जानबूझ कर आँखें बन्द किये हुए, परभवका लेश-मात्र भी भय न मान कर अदरक, मूली और गाजर आदि चीज़ें खाते हैं, उन पापियोंकी न जाने क्या गति होगी? मनुष्यत्वके साथ जैन-धर्मका पालन कर अपना यह भव सफल करो और अन्तमें शिव-सुखके भागी बनो। हे भव्य-पुरुषों! भगवान तीर्थङ्कर महाराजने जो २२ अभक्ष्य पदार्थ बतलाये हैं, उनका शीघ्रतासे त्याग कर, श्रावक नामको सार्थक कर, सच्चे जैन बनो।

बत्तीस अनन्तकायोंके नाम।

१ भूमिके मध्यमें जो कन्द उत्पन्न होते हैं, वे सब तरहके कन्द। २—कच्ची हल्दी। ३—कच्ची अदरक। ४—सूरन। ५—लहसुन। ६—कच्चू। ७—सतावर। ८—विदारी ९—घीकुआर। १०—थुहरीकन्द। ११—गिलोय। १२—

१३—करैला। १४—लोना साग। १५—गाजर। १६—लोढ़ीपद्म-का कन्द। १७—गिरिकर्णी—(यह काठियावाड़में अँचारके काममें आती है, कच्छ देशमें इसकी पैदाइश बहुतायतसे है)। १८—किसलय (कोमलपत्ते) सभी प्रकारके वृक्षके हरे और नये पत्ते तथा वनस्पतियोंके उगनेके समयका अंकुर अनन्तकाय जानना चाहिये। यदि जरुरत हो, तो मोटे पत्ते लेने चाहियें। १९—खीरसुआकन्द (कसेरू) २०—थेगकन्द। २१—मोथा। २२—लोन-वृक्षकी छाल। २३—खिलोड़ कन्द। २४—अमृतवेली।

२५—मूली (देशी विदेशी)—मूलीके पांचों अङ्ग अभक्ष्य है (१) मूलीका कन्द (२) डाल (३) फूल (४) फल (५) बीज ये पाँचों ही अभक्ष्य हैं। इनमे बहुतसे त्रस-जीव उत्पन्न होते हैं।

२६—भुईफोड़—यह बरसातके दिनोंमें छत्रके आकारमें उत्पन्न होता है।

२७—वथुएका साग।

२८—बरुहा—जिसमें विदल धान्यकी तरह अङ्कुर निकल आया हो। रातको जो दाल पानीमें छोड़ी गयी हो और उसमें अङ्कुर निकल आये हो, वह अभक्ष्य है। जो अन्न पानीमें फुलाया जाये वह सवेरे ही फुलाना चाहिये और थोड़े ही देर पानीमें रखना चाहिये। मतलब यह कि अङ्कुर नहीं फुटना चाहिये। अगर अन्नको उवाला जाये, तो अङ्कुर निकलनेका भय नहीं रहता।

२९—पालकका साग। ३०—सुअरवल्ली (जंगली लता)

३१—कोमल इमली, जिसमें बीज न हों, वर्जित है।

३२—आलू कन्द तथा रतालू, पिण्डालू, शकरकन्द, घोषात

की, करे, करीर आदि वनस्पतीयोंके अङ्कुर अनन्तकाय कहे जाते हैं। टिंडेका कोमल फल, वरुण-वृक्ष, बड़ा नीम आदिको भी अनन्तकाय जानना (अङ्कुरावस्थामें)।

इस प्रकार अनन्तकायके ३२ नाम गिनाये गये हैं। प्रसिद्ध तो इतने ही हैं, विशेष नाम तो अनेक हैं। किसी वनस्पतिके पांचों अङ्ग, किसीकी, जड़, किसीका पत्ता, फूल, छाल, या काठि अनन्त काय होता है। किसीका एक, किसीके दो, किसीके तीन, किसीके चार और किसीके पांचों अङ्ग अनन्तकाय होते हैं। जिस वनस्पतिके पत्ते, फल आदिकी नस या सन्धि मालूम न पड़े, गांठ गुप्त हो, तुरत टूटजाये, तोड़ते ही पिचक जाये, पत्ता मोटे दलका और चिकना हो, जिसके फल और पत्ते बड़े कोमल हों उसको अनन्तकाय जानना। यह सब लक्षण एक ही में हों, यह सम्भव नहीं है। कोईका साग भी अनन्तकाय कहा गया है।

अनन्तकायके सम्बन्धमें जानने योग्य बातें।

१—कितने ही धूर्त्त दूकानदार दूध, खोये और घीमें रतालू या शकरकन्द पीस कर मिला देते हैं। इसके बारेमें पूरा ध्यान रखना चाहिये।

२—गीली अदरक या कच्ची हल्दीके स्थानमें सोंठ या सूखी हुई हलदी खानेके काममें लानी चाहिये। इनके सिवा और किसी अनन्तकायका सुखौता भी काममें नहीं लाना चाहिये। इनका अँचार भी वर्जनीय है। गाजरका सुखौता या अँचार तथा ग्रीकुवार, कच्ची हल्दी, अदरक, गिरीकर्णी आदिका आचार अभक्ष्य है।

३ दूकानदार अपने यहाँ लहसुन, प्याज़ वगैरह अशुद्ध चीज़े भी रखते हैं। बाजारकी चटनीमें तो प्रायः लहसुन मिला होता है। साथही वे बासी चीज़ें भी गरम करके ताजीके समान बेंचते हैं। अतएव बाजारू चीजोंके खानेमें कई तरहके दोष हैं। जिस कढ़ाई या तेलमें लहसुन प्याज तले गये हैं, उसमें फिर कोई चीज़ नहीं तली जानी चाहिये। कितने ही लोग दालमें अदरक छोड़ते हैं कितने ही लहसुन-प्याज़से वघारते हैं, कभी कभी लोग दाल या कढ़ीमे हरी इमली डाल देते हैं। इनकी ओर विशेष ध्यान देना चाहिये छुआ-छूतका भी विचार रखना उचित है। अनजानकी बात दूसरी है; पर जान बूझ कर दोष करना ठीक नहीं है।

४ मेथी पालक वगैरहके सागोमें भुआ और लोनीका साग जो अनन्तकाय है, मिले तो उसे निकाल देना चाहिये। अनजाने की बात और हे ।

एक और ग्रन्थमें ये नीचे लिखे बाईस पदार्थ अभक्ष्य बतलाये गये हैं—

(१) गूलर (२) प्लक्ष (३) काकोदुम्बरी (४) बड़ (५) पीपल (इस किस्मके पांच फल); (६) मांस, (७) मदिरा, (८) मक्खन और मधु (ये चारो महा विकृत या महाविगई कहे जाते हैं।) (९) अनजाने फल (१०) अनजाने फूल (११) हिम (बर्फ) (१२) विष (१३) ओले (१४) सच्चित्तमिटी (१५) रात्रि-भोजन (१६) दही-बड़े आदि जो कच्चे दही-दूधमें नाजकी बनी चीजें डाल कर बनाये जायें (१७) बैंगन (१८) पोश्ता (१९) सिंघाड़ (यद्यपि अनन्तकाय नहीं है तथापि काम बृद्धि करता है, इस लिये वर्जित है) (२०) छोटे बैगन और (२१) कायंवानी। २२ खस खसके दाड़े।

पहले कहे हुए २२ अभक्ष्योंके साथ इस ग्रन्थोंमे ११, १८, २०, २१ और २२ नम्बर वाले अभक्ष्य विशेष है, इनका भी त्याग करना चाहिये ।

अभक्ष्य अनन्तकाय दूसरेके घर, अचित्त किया हुआ हो; तो भी नही खाना चाहिये ; क्योंकि एक तो दोष लगे और दूसरे व्यसन पड़ जाये । सोंठ तथा हल्दी नाम तथा स्वादका फेर होने से अभक्ष्य नहीं रह जाते । इन अभक्ष्योंमे भाँग, अफ़ीम आदिकी जिन्हें लत लगी हुई है, उनको चाहिये, कि उसकी नाप-तौल ठीक रखे । रात्रि भोजनके बारेमें चौविहार तिविहार या दुविहारका नियम ले लीजिये, कि एक महीनेमें इतना करेंगे । यदि रोगके कारण दवाके तौर पर कोई अभक्ष्य पदार्थ खाना पड़े तो उसका नाम, समय और वजन भलीभाँति समझ लेना चाहिये । यदि कभी कोई चीज़ अनजानतेमें खा ली जाये, तो उससे व्रतका भङ्ग नहीं होता ।

श्रावकोंको अन्य मतोंके मानने वालो या जाति विरादरी वालोंके यहाँ जीमने जाना पड़े, तो वहुत समझ-वुझ कर जीमना चाहिये; क्योंकि उनके यहाँ २२ अभक्ष्य और ३२ अनन्तकायमेसे कुछका दोष तो अवश्य ही लग जानेका डर रहता है । इसीसे जहाँ तक वन पड़े, वहुत कम आदमियोंसे जान-पहचान रखे, वहीं तक अच्छा है । ख़ास कर द्वादशव्रतधारी तथा विरति-व्रतवालोंको तो ऐसी जगहोंमे जाकर जीमना ही नही चाहिये ।

उधर जो वाईस अभक्ष्योंका वर्णन किया गया है, उसको भलीभाँनि समझनेकी चेष्टा करनी चाहिये । स्वयं भगवान्‌ने उन्हे

भोजनका निषेध किया है, इसलिये उनकी आज्ञाका अवश्य ही पालन करना चाहिये। हमलोग पूजाके समय सबसे पहले माथेमें जो तिलक लगाते हैं, उसका आशय यही है, कि हम प्रतिज्ञा करते हैं, कि हे भगवन्! हम आपकी आज्ञाएँ अपने शिर पर चढ़ाते हैं। इसलिये नित्य ही भगवानकी आज्ञाका पालन करना तथा इस प्रतिज्ञाके चिह्न-स्वरूप तिलक लगाना चाहिये।

इन अभक्ष्य पदार्थोंका वर्जन करके हम असंख्य जीवोंको अभयदान देनेका पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। शास्त्रोंमें लिखा है, कि एक जीवको अभय देना सुवर्णके सुमेरुपर्वतका दान करनेके बराबर है। फिर जो असंख्य जीवोंको अभयदान करते हैं, उनके पुण्यका क्या ठिकाना है? इसलिये हे चतुर और सुज्ञ बन्धुओ! आप लोग भगवानके वचनोंका आदर कीजिये; क्योंकि यही मोक्षका द्वार है। जो यह कहते हैं, कि खाना, पीना, मौज करना ही जीवनका मूल-मन्त्र है, वे पापी और मूर्ख हैं। जो लोग शरीरको दुःखोंकी आँचसे तपाकर महाफलकी प्राप्ति करनेमें लग जाते हैं, वेही शीघ्र मोक्षके अधिकारी होते हैं।

विशेष सूचनाएँ।

बाईस अभक्ष्योंके सिवा और भी कितनी ही चीजें अभक्ष्य हैं। हम नीचे उनका हाल और कब कौन चीज़ भक्ष्य या अभक्ष्य है, उसका वर्णन लिखते हैं।

१—फागुन सुदी १५ से कातिक सुदी १५ तक दोनों तरहके ..., दोनों तरहके तिल, पोस्ता, खारेक, काजू वगैरह मेवे तथा ५ तरहकी पत्तोंकी भाजी अभक्ष्य हैं। फागुनका चौमासा

लगनेके पहले ही तिलका तेल पेरवाकर रख लेना चाहिये ; क्योंकि तिलमें बहुतसे त्रस जीवोंकी उत्पत्ति होती है, इसलिये ८ महीने पहलेसे ही तेल भर कर रख लेना चाहिये । तिल-शक्करी, तिलके लड्डू और रेवड़ियाँ नही खानी चाहिये । पोस्ता बहुबीज है, इसलिये इसका खाना सर्वथा वर्जित है । जिस चीजमें पोस्ताके दाने पड़े हों, वह सब तरहसे श्रावकोंके लिये अभक्ष्य है । अकसर लोक चूरमेके लड्डू घुघुरी आदि मिठाइयोंमें पोस्ताके दाने डालते हैं, इस बातका पूरा-पूरा ख़याल रखना चाहिये ।

होलीके दिनसे ऋतु बदलने लगती है, इसलिये अनेक चीज़ोंमें त्रस जीव उत्पन्न होते हैं । इसलिये इस समय भक्ष्याभक्ष्यका पूरा विचार रखना चाहिये ।

काजू, अंगुर और सूखे अञ्जीर आदिमें जीव पडनेका सम्भव रहता है । अतएव ये अभक्ष्य हैं । ये चीजें जाड़ेके दिनमें ही खानेकीहैं, अतः ८ महीनेतक (कातिक सुदी १५ तक) इनका व्यवहार न कर, उसके बाद करना चाहिये ।

जो शाग-भाजी या पत्ते आदि तरकारी या आचारके लिये रखे जाते हैं, वे आठ महीने बाद अभक्ष्य हो जाते हैं; क्योंकि नव महीनेमें उनमें त्रस जीव उत्पन्न होने लगते हैं ।

जो लोग आठ महीने भाजी या पत्ते नहीं खाते, वे पानके पत्ते भी नहीं खा सकते और कढ़ीमें मीठे नीबूका रस भी नहीं डाल सकते, यह बात ध्यानमें रखनी चाहिये ।

२—असाढ़ चौमासेसे कातिक चौमासे तक सूखे ...
बदाम, पिस्ता, चिरौंजी, किशमिश, दाख, अखरोट, कुं...

जरदालू, अंजीर, मूंगफली, सूखे नारियलकी गिरी, सुखी रायण, कच्ची खांड़, सूखे अंगुर आदि अभक्ष्य हैं। कारण उनमें तद्वर्ण जीव होते हैं, कुन्थू आदि त्रस जीव पड़ जाते हैं और भुआ या काई जम जाती है। ताज़े तोड़े हुए बदाम, पिस्ता, पानीवाला नारियल उसी दिन काममें ला सकते हैं। जो बदाम या पिस्तेकी मींगी बाज़ारमें बिकती है, वह नहीं खानी चाहिये। एक दिनका फोड़ा हुआ नारियल, जिसका पानी निकाल लिया गया है, दूसरे दिन तक खा सकते हैं अगर उसका रंग बदल नहीं गया हो। कितने ही सूखे मेवे फागुनमें भी अभक्ष्य माने जाते हैं। बात भी ठीक मालूम होती है ; क्योंकि प्रायः देखा जाता है, कि चैत-बैसाखके दिनोंमें काली दाखमें कीड़े पड़ जाते है। इसी प्रकार ज़रदालू, अंजीर वगैरह पदार्थोंमें भी जीवोत्पत्ति हो जाती है, जिससे वे अभक्ष्य समझने चाहिये। बहुतसे व्यापारी गत वर्षकी दाख, अंजीर, बदाम, पीस्ता, चिरौंजी आदि मेवे बेंचते हैं। ख़रीदते समय इनके विषयमें पूरी सम्हाल रखनी चाहिये। जहाँ तक हो सके, ताजे माल ही ख़रीदने चाहियें। नहीं तो जाने-पहचाने हुए व्यापारीके यहाँसे ही मंगवाना चाहिये। नौकर चाकरोंके हाथसे मंगवानेमें तो अकसर धोखा ही होता है।

३—चौमासेमें (असाढ़ सुदी १५ से कातिक सुदी १५ तक हुए सागका * सुखोंता तो सर्वथा त्याग ही करना चाहिये।

---

* आज कलके समयमें प्राय. सब तरहके सागोंको सुखोंता बनानेकी जो [illegible] हो रही है, वह सर्वथा त्याग करने योग्य है। यह कोई शास्त्रीय विधान

कारण, उसमें त्रस जीव पैदा हो जाते हैं। गरमीमें भी सुखौंता वडी हिफ़ाजतसे रखना चाहिये, नहीं तो कीड़े पड़ जाते हैं। चौमासेमें तो इसका ख़ास कर त्याग करना चाहिये।

४—चवेना—चाँवल, गेहूं बाजरा, ज्वार, मक्का, चना आदिका भुना हुआ चवेना कभी नही खाना ; क्योंकि इस प्रकार भुने हुए अन्नमें बहुतसे जीवोंके विनाशका भय रहता है।

५—किसी भी वनस्पतिका भर्त्ता वनाकर नहीं खाना चाहिये

६—पान—इसके खानेसे वहुतसे त्रस जीवोंके नाशका भय है। इसलिये पान नहीं खाना। ब्रह्मचारियोंके लिये तो यह और भी वुरा है। जिनको पान खानेकी आदत लग गयी है, उनको भी कमी करनी चाहिये।

७—चक्कीका आटा—अजकल वड़े-वडे शहरोंमें विदेशी चक्कीका आटा विकता और वाहर भी चालान होता है। कितने दिन वाद भी यह आटा विकता रहता है, अतएव इसमें वहुतसे जीव पैदा हो जाते हैं। अतएव इसका व्यवहार नहीं करना चाहिये। जिस घरमें इस आटेकी चीजें वनी हों, वहाँ खाने नही जाना चाहिये। इस आटे या मैदेकी वनी मिठाई; पुरी, कचौरी, नानखताहो विसकुट, आदिका त्याग करना ही उचित है।

नहीं है। केवल लोगोंने अपने आरामके लिये ही यह प्रथा जारी कर रखी है। मारवाड़ वीकानेरकी ओरके श्रावकोंने तो जमी कन्दके सुखोंतेको भी खाने-की प्रथा चला रखी है। यह तो और भी खराव है। हमारे खयालसे तो किसी मागका सुखोंता वनाना ही नहीं चाहिये। इसमें अनेक तरहके दोष हैं।।

संपादक—

८—मीठा काजू—हलवाई जो मीठा काजू बनाता है, उसको बिना देखे माल बना डालता है, इसलिये उसमें त्रस-जीव होनेकी शङ्का रहती है। इसलिये उसे नहीं खाना चाहिये। यदि खानेकी इच्छा हो तो घरमें बना लो और काजुका छिलका अलग करके भलीभाँति देख लो कि कोई जीव तो नहीं हैं।

९—विलायती दूध—विलायतसे डिब्बेमें भरे हुए नेसलस मिल्क,' 'मिल्कमेड मिल्क' आदि दस-बारह तरहके बनावटी दूध आते हैं, जो मुसाफिरीमें दूधके बदले चायमें डाले जा सकते हैं; परन्तु ये सब तथा शीशेमें बन्द करके आनेवाले आचार, मुरब्बे, गुलकन्द और विलायत बिस्कुट आदि वस्तुएं अभक्ष्य हैं। इसलिये इन सबका त्याग कर देना चाहिये। आजकल हमारे देशमें इतना रोग-शोक इन्हीं सब अभक्ष्य पदार्थोंके खानेसे बढ गया है।

१०—सोडा, लेमोनेट, जिञ्जर, राजबेरी, पिक-मी-अप, विल-कास, एलटौनिक, कोल्ड-ड्रिङ्क, कोल्ड-क्रीम, जिजरेल-लाइम, लीथियो, मरीक, चेरी सीडर, चैम्पियन सीडर, क्विनाइन, टौनिक, क्रीम सोडा आदि कितनी ही चीज़ें बोतलमें बन्द करके आती हैं। इनका व्यवहार करना ठीक नहीं ह। इसका कारण यह है कि इन बोतलोंको मुसलमान, पारसी, आदि सभी मुंहमें लगाते हैं—फिर उन्हें अपने मुंहसे लगाना धर्म भ्रष्ट होना नहीं तो और क्या है? फिर ये न जाने कितने दिनोंकी भरी-भरायी [illegible] धरी रहती हैं। आजलकके अंग्रेजी पढ़े जैन-युवकों-को इस भ्रष्टकारी आदतसे बचना चाहिये।

११—बीड़ी, हुक्का, चिलम, चुङ्गी, सिगरेट, तम्बाकू, गाँजा, चरस, माजून, अफ़ीम, कुसुम्बी, भाँग आदि नशेकी चीजें काममें लाना बुरा है। जीवहिंसा, अनर्थका कारण तथा पैसेकी फ़िज़ूल खर्चीके सिवा इससे और कोई फ़ायदा नहीं है। जिसे नशेकी लत लग जाती है, उसे तो जिस दिन नशा नहीं मिले, उस दिन जान जानेकी नौबत आ जाती है। अन्तमें क्षयरोग हो जाता है और किसी-किसीकी तो नशेकी ही हालतमें जान चली जाती है। इससे अग्नि, वायु तथा अन्य त्रस जीवोंकी हिंसा होती है, इसलिये इन सब व्यसनोंको छोड़ देना चाहिये।

१२—विलायती दवाएं भी अभक्ष्य है। उचित तो यह है कि आदमी रोगका कारण ही पैदा न होने दे। यदि आत्मा बलवान हो, तो क्या नहीं कर सकती? यह स्वर्ग प्राप्त कर सकती है, सिद्धि-सौध (मोक्ष-पद) को भी प्राप्त कर सकती है। कितने ही लोग तो बड़े शौकसे विलायती दवाएं पिया करते हैं, यह बहुत बुरी आदत है। प्रत्यक्ष अनाचार है।

१३—गुड़में जीवकी उत्पत्ति होती है। कितने ही बेईमान व्यापारी नफ़ेके लिये गुड़में चनेका बेशन, खारा या मिट्टी मिला देते हैं। इस लिये खूब परीक्षा करके गुड लेना और खाना चाहिये।

१४—विदेशी खाँड़ बहुत ही अशुद्ध पदार्थोंसे साफ़ की जाती है, इस लिये उसका व्यवहार करनेसे धर्म भ्रष्ट होता है और रोग भी होता है। इसीसे लोग काशी आदिकी चीनी काममें लाने लगे

हैं, पर इसमें भी बेईमानी चल गयी है। परदेशी चीनी स्वदेशी कहकर बेंची जाती है। इसलिये जानी हुई जगहसे ही चीनी लेनी चाहिये, जहाँ इस तरहकी मिलावट नहीं की जाती हो। इसी प्रकार विदेशी नमक, विदेशी केशर भी इस्तेमाल नहीं करनी चाहिये।

१५—खडी दाल—किसी तरहकी दालका अनाज विना दोनों दाल अलग किये नहीं खानी चाहिये।

१६—दिल्लीका हिन्दू-बिस्कुट-दिल्ली, पूना, बड़ौदा आदि स्थानोंमें जो बिस्कुट तैयार होते हैं, उन्हें हमारे कितने ही भाई काममें लाते हैं; परन्तु पहले तो उनके बनानेमें विलायती मैदा काममें लायी जाती है और दूसरे दो-दो तीन-तीन दिन तक पानी में फूलती रहती है, इसके बाद उसके बिस्कुट बनाये जाते हैं। इससे असंख्य संमूर्च्छिम और द्वीरन्द्रियादिक जीवोंकी उत्पत्ति होती है और उनकी हिंसा होती है। कहीं-कहीं तो बिस्कुट तैयार करनेमें चरबी भी काममें लायी जाती है, इसलिये विस्कुट सर्वथा त्याग देने योग्य है। नानखाखताईमें भी विलायती मैदा काममें लायी जाती है, इससे वह भी त्याग देना चाहिये।

१७—टूथ-पाउडर और टूथ ब्रश (दांतका मंजन और कूंची) विलायतसे जो दन्तमंजान आता है, उसे काममें लाना ठीक नहीं न मालूम उसमें कौनसा भक्ष्याभक्ष्य पदार्थ पड़ा होता है। यदि मञ्जन ही लगाना हो तो बदामके छोकलेको जला कर उसकी बुकनीके साथ कपूर, बरास, खड़िया, हरड़, बहेड़ा; आँवला, अनारकी छाल, गेरू, कत्था, मोचरस, हीराकसीस, छोटी हर्रे,

अनारके सूखे हुए फूल, माजूफल, कवावचीनी आदि गुणकारी वस्तुओंको मिलाकर दाँतका वढ़िया मञ्जन तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा जानवरोंकी हड्डीके वने हुए व्रूश भी काममें लाना उचित नही हैं।

१८—होटल—होटल, विश्रामगृह, भोजनालय, व्राह्मणोका-वासा आदि नामोंसे कितने ही होटल नगरोंमें खुले हुए हैं। जिससे पूछो वही कहेगा, कि शुद्ध व्राह्मणोंके हाथकी शुद्ध वस्तुएँ वहीं उसीके पास मिलती है; पर न तो उन सभीकी जात-पाँतका कुछ ठीक रहता है, न वहाँ अच्छी चीजें मिल सकती हैं। इस-लिये इन होटलोंमें खाना वहुत ही वुरा हैं। आजकल कुछ लोगों-की मति तो ऐसी भ्रष्ट हो गयी है, कि छुताछूत, भक्ष्याभक्ष्यका विलकुल विचार ही छोड़ वेठे हैं और मुसलमानों तथा किस्तानों-के होटलसे मक्खन और पावरोटी माँग कर खाते हैं। न मालूम ये किस नरकमें जा कर पड़ेगें।

१९—पानी—आजकल जहाँ-तहाँ रास्तेमें और रेल-स्टेशनों पर नलें लगी हैं जिनसे पानी लेकर मुसाफिर अपनी प्यास वुभाते हैं; पर यह वहुत वुरी वात है। विना छना हुआ पानी शराबके वरावर कहा गया है। पीनेका पानी तो जरूर ही छान लेना चाहिये। वर्तन कभी जुंठे नहीं रहने देना चाहिये। पानीके वर्तनमें जुंठे लोटे आदि नहीं डालना चाहिये। जो विना ढक कर नहीं रखा गया हो, उसे पोनेमें वड़ा दोष है। थोडी सी ला परवाहीमे असंख्य जीवोका नाश हो जाता है। इसलिये पानीके विषयमें प्रत्येक भाई-वहनको पूरी सावधानी रखनी चाहिये

वर्जित वनस्पतियाँ।

जिन वनस्पतियोंके खानेसे तृप्ति नहीं होती और साथ ही बहुत हिंसा होनेका भय रहता है, उनके नाम ये हैं—

नाम और वर्जित होनेका कारण

ईख—कितना भी खाइये, तृप्ति नहीं होती। रस चूस कर सीठी फेक देते हैं, उससे बहुत संमूर्च्छिम जीव उत्पन्न होते हैं और मिठाईके मारे चींटी आदि त्रस जीव भी उसके ऊपर टूट पड़ते हैं, जो जानवर या आदमी के पैरों तले पड़ कर मर जाते हैं।

कुम्हड़ा, पेठा, जामुन करौंदा, बेर, गुन्दी — इन सबमें भी संमूर्च्छिम जीवोंकी उत्पत्ति और हिंसाका भय रहता है इसलिये त्याग देना ही ठीक है।

अञ्जीर—इसमें बहुत बीज होते हैं, अतएव त्यागने योग्य है।

शहतूत, फालसे,—कितना भी खा जाओ तृप्ति नहीं होती, इसीलिये वर्जित है।

सिंघाड़ा—कामवर्द्धक हैं, अत: त्याज्य है। तोड़ते वक्त बहुत जीव मरते हैं।

वालोल—ताजा मिलना मुश्किल है, और थोड़ी देर रखनेसे भी उसमें त्रस जीव उत्पन्न हो जाते हैं।

दर्शन-विरुद्ध तथा लोक-विरुद्ध वर्जित वनस्पतियाँ।

नाम और—कारण।

चिंचड़ी—लम्बी साँपके आकारकी होती है। अशुद्ध परिणामी है, अतः वर्जित है।

कटहल-फनस—दर्शन-विरुद्ध (माँसपेशी-सी मालूम पड़ती है) होनेके कारण वर्जित है।

कद्दू—मोटाफल होनेके कारण लोग नहीं खाते।

पेठा—लोग इसे कभी-कभी पशुकी कल्पना कर देवीके सामने वलि चढ़ाते हैं। (औषधके लिये हर्ज नहीं है)

कड़वी तुम्वी—कहीं जहरी निकली तो जान ही ले लेती है।

कंटोला, करैला, टिण्डा, टमेटा, कंकोड़ा, — इनमें कीड़े पड़ जाते हैं, किसीमें जीव वहुत होते हैं, तो किसीमें वीज। इसलिये इनका त्याग ही उचित है।

महुआ—इसीके फलसे शराव चुलायी जाती है, इसलिये वर्जित है।

वहुतसे त्रस जीवोंकी हिंसासे वचना हो, तो नीचे लिखी वनस्पतियोंका और भी त्याग करना उचित है,—

श्रीफल (वेल)-का फल या मुरब्बा अथवा वाँसका आचार वर्जित है, स्त्रियोंके लिये तो ख़ास कर मना है। इनसे रोग भी उत्पन्न होते हैं।

फागुन सुदी १५ से कातिक सुदी १५ तक जिनकी भाजी या पत्तोंका साग जीव हिंसाके कारण खाना मना है उनके नाम—

मेथीका साग, ताँदड़ी, धनिया, पुदीना, भिंडी, केला, नागर-वेल, अरवी, कन्दा, सूरन, नीमके हरे पत्ते, पोईका

चीके पत्ते, चाय, गुलाबके फूल, तुलसीके पत्ते, अजवाइनके पत्ते आदि ८ महीनेतक वर्जित हैं। गोभी और करमकल्ले (पत्तागोभी) में भी बहुतसे त्रस जीव उत्पन्न होते हैं, जो मालूम नहीं पड़ते। जाड़ेके दिनोंमें इन्हें अच्छी तरह देख भाल और झाड़-पोछ कर काममें लाना चाहिये। सब तरहकी तरकारी बहुत सावधानीसे खानी चाहिये।

आर्द्रा-नक्षत्रसे ही त्यागने योग्य वनस्पतियाँ—

आम—आम स्वादिष्ट फल है, इसलिये बहुतसे लोग आर्द्रा-नक्षत्रके बाद भी खाते हैं; पर यह भगवान्‌की आज्ञाका उल्लंघन करना है, इससे असंख्य जीवोंका नाश होता है, जिससे अन्तमें दुर्गति होती है। इससे आर्द्रा-नक्षत्रसे ही इसका खाना छोड़ देना चाहिये।

चौमासेमें वर्जनीय वनस्पतियाँ।

भिण्डी, कंटोला, करैला, तुरैया, — यों तो अन्य ऋतुओंमे भी त्रस जीव उत्पन्न होते हैं; पर चौमासेमें तो ख़ास कर बहुत पैदा होते हैं। करैला वगैरह तो ऊपरसे जरा भी सड़े नहीं मालूम पड़ते; पर उनके अन्दर कीड़े होते हैं। कहीं भूलसे जीवहिंसा न हो जाये, इसीलिये चौमासेमें वर्जनीय है। यदि कोई साग या भाजी खानेकी आवश्यकता ही हो, तो उसे भलीभाँति देखकर, वनारना खाना चाहिये।

व्यवहारमें आनेवाली बनस्पतियाँ ।

शाकके काममें—	फलके तौर पर
१ ककड़ी	तरबूजा
२ करेला	मीठे नीबू
३ कंटोला	पपीता
४ तिनुआ	अननास
५ ग्वारकी फली	नासपाती
६ गूंदा	अमिया
७ हरे चने	जमरुद
८ हरेज्वार	कोठ
९ चौराई	केला
१० टमेटा	अनार
११ टिण्डा	आँवला
१२ ड़ाला	नारङ्गी
१३ डोडी	नरियल
१४ खरबूजा	पीनस
१५ तरोई	अंगुर
१६ थूहर	बिजौरा
१७ दातोन (बबूल, ग्रारेडी आदि)	
१८ दूधिया	
१९ परवल	
२० पत्तेका साग	

२१ फलसी

२२ भिण्डी

२३ हरी मिर्च

२४ मरवा

२५ मोगरा

२६ खट्टे नीबू

२७ मटर

२८ आलकुल

ऊपर जिन वनस्पतियोंके नाम लिखे हैं, इनमें भी जिनका त्याग करते बने, करना चाहिये। जो वनस्पति बारहों महीने मिलती हो, उसका उपयोग करना, जैसे—केला। इसके सिवा प्रत्येक हरी साग-सब्जी अमुक समय तक खानी, फिर नहीं; इसका ध्यान रखना चाहिये। जैसे कार्त्तिक महीनेमें अमुक-अमुक चीजे खानी चाहिये, परन्तु यदि उनका बारह महीनेका आश्रय ले रखे, तो विरतिपनका फल मिलता है; क्योंकि आम जाड़ेके बाद चैतसे आर्द्रा-नक्षत्र तक खाना चाहिये, फिर नहीं। इस प्रकार नियम कर लेनेसे बड़ा लाभ होता है। नियम लेनेके बाद प्रति वर्ष कुछ चीज़ोंका सर्वथा त्याग करना होगा। ऐसा करनेसे त्याग और अभयदानकी भावना प्रबल होती है। जबतक नियम नहीं किया जाता, तबतक कोई फल नहीं मिलता। श्रावकोंको तो चाहिये कि छओं "अट्ठाईयोंमें" * तो वनस्पतियोंका एकदम त्याग करदें।

* चैत्र और आश्विनकी दो अट्ठाई शाश्वती हैं। वह चैत छदी ७ से १५

कमसे कम पाँच पर्वो तिथियोंमें—जैसे शुक्र पंचमी, दोनों अष्टमी, दोनों चतुर्दशी और अन्य उत्तम पर्वोंकी तिथियोंमें तथा दोनों दूज, दोनों अष्टमी, दोनो चतुर्दशी, अमावास्या और पूर्णिमा तथा मध्यम रुपसे आठ या दश पर्वतिथियोंमें अवश्य ही हरियाली यानी साग-सब्जीका त्याग करना चाहिये। कितने ही लोगों इन तिथियोंमें पके केलोंका उपयोग करते हैं, वह अचित्त है। उसके सिवा और कोई वनस्पति इन दिनोंमें काममें नहीं लानी चाहिये।

सामान्य रीतिसे कहा गया है, कि अनजाने फल, विना भलीभाँति देखे-भाले हुए साग या पत्ते, सुपारी आदि सम्पूर्ण फल वाजारके चूरन, चटनी, मलिन घी और विना परीक्षा किये हुए अन्य पदार्थोंके खानेसे मांस भक्षणका दोष लगता है। चौमासेमें तो जिस दिनकी तोड़ी हुई हो, उसी दिन सुपारी खाये फिर नहीं इसी तरह इलायची भी देखकर ही खानी चाहिये। चौमासेमे पीपरामूल, सोंठ आदि भी नहीं खाना चाहिये। दवाके लिये व्यवहार करना हो तो भली भाँति देख लेना चाहिये।

तथा आसोज सुदी ७ से १५ तक, होती है। तीन चौमासेकी तीन अट्ठाई—पहली कार्तिक सुदी ७ से १५ तक दूसरी फाल्गुन सुदी ७ से १५ तक और तीसरी असाढ सुदी ७ से १५ तक जाननी चाहिये। पर्युषणा पर्वकी अट्ठाई श्रावण वदी १२ से भादों सुदी ४ तक होती है। इस प्रकार छः अट्ठाइयां बतलायी गयी है। इन दिनोंमें सचित्त पदार्थों एव वनस्पतियोंका त्याग, अमारी, तप, जिनपूजा, गुरुवन्दन, व्याख्यान-श्रवण, समायिक, पौष-धि-सविभाग आदि नियमों का अवश्य ही पालन करना चाहिये।

जानने योग्य विषय।

अब जिन लोगोंने सचित्त पदार्थोंका सर्वथा त्याग कर रखा है, उन्हें यह बतलाया जाता है कि कौन-कौन चीजें सचित्त हैं और वे कैसे अचित्त बनायी जा सकती हैं तथा उनका व्यवहार कितने समय तक किया जाना चाहिये।

१ गेहूं, बाजरा आदि नाज सचित्त है; पर कुछ काल बाद अचित्त हो जाते हैं। उसका वर्णन श्राद्धविधि आदि ग्रन्थोंमें देखना चाहिये। मेथी भी अनाज है, यह याद रखना चाहिये। इन अनाजोंका आटा पीसने पर वह कैसे अचित्त होता है, यह हम पहले ही लिख चुके हैं। जबतक वे सचित्त रहते हैं, तबतक उनको काममें नहीं लाना चाहिये। चने आदिकी दाल अचित्त है; इसलिये उसका आटा (बेसन) भी अचित्त है।

२ ताजे ज्वार या चनेका चबेना मिश्र (अर्थात् सचित्त और अचित्त) है, अतएव नहीं व्यवहार करना।

३ सभी अभक्ष्य वस्तुएं सचित्त हैं, अतएव उनका त्याग करना अत्यन्त आवश्यक है।

४ सिंके हुए चने तथा और अनाज बालूमे भूने हुए हों तो बराबर अचित्त बनते हैं। अन्यथा कामके लायक नहीं होते।

५ धनिया, जीरा अजवाइन आदि कूट-पीस कर या आँच दिखानेसे अचित्त हो जाते हैं और तब व्यवहारमें लाये जा सकते नहीं। दही, छाँछ आदिमें पडा हुआ सचित्त जीरा प्रासुक होता।

६ वरियाली भी सचित्त कही जाती है ; क्योंकि जो चीज़ें बोनेसे पैदा होती हैं, वह सचित्त हैं। अतएव सूखी वरियाली भी यदि सेकी हुई हो तभी काममें ला सकते हैं।

७ नमक भी सचित्त है, परन्तु भूमिकायमें लिखे अनुसार अचित्त होनेपर व्यवहारमें ला सकते हैं।

८ लाल सेंधानमक सचित्त है—सफेद सैंधव अचित्त है।

९ खड़िया भी सचित्त है। यह खानेके काममें तो नहीं आती पर मंजन बनानेके काममें आती है। इसे पहले कहे अनुसार अचित्त बनाकर व्यवहार करना चाहिये। केम्फर-चाँक आदि जो चीजें आती हैं, उनका व्यवहार नहीं करना चाहिये, क्योंकि मालूम नहीं, वे किस प्रकार बनायी जाती हैं।

१० "चलित रस" शीर्षकके नीचे जिन चीजोंकी सूची दी हुई है, वे सब सचित्त हैं और इसीलिये अभक्ष्य हैं।

११ उबाल देनेपर पानी अचित्त हो जाता है। जहाँ जीव पड़नेका डर हो, वहाँ पानी कपड़ेसे ढककर रखना चाहिये। चौमासेमें गरम किया हुआ पानी भी सिर्फ ३ पहर तक काममें ला सकते हैं। बादमें सचित्त हो जाता है।

१२ तरह-तरहके शरबत, सोडा गुलाबजल, केवड़ाजल, आदि कभी व्यवहारमें नहीं लाना चाहिये।

१३ अंग्रेजी दवाएँ जो अर्ककी तरह हों, कभी नहीं लेनी। अगर लाचारी लेना ही पड़े तो प्रायश्चित्त भी करना चाहिये।

१४ बर्फ आदि एकदम अभक्ष्य है।

१५ बबूल आदिके हरे दाँतौन सचित्त हैं।

१६ ताम्बूल, नीमपत्ते, तुलसी, इलायची आदिके पत्ते सचित्त होनेके कारण व्यवहारमें नहीं लाने चाहिये। परन्तु नीमके पत्ते कढ़ीमें डाले जायें या नागर बेलका पत्ता घी आदिमें गरम करके डाला गया हो, तो वह चीज अचित्त और व्यवहारमें लाने योग्य हो जाती है।

१७ नीम और आमकी मोजरें, तथा गुलाब आदिके फूल सचित्त हैं, इसलिये व्यवहार नहीं करना चाहिये। गुलाबके फूल मिठाइयोंपर छिड़कते हैं, वह अचित्त होनेपर व्यवहार करना कहा है।

१८ धनिये या पुदीनेकी चटनीमें वनस्पति और नमक दोनो ही सचित्त हैं; पर पीस देनेसे वे दोनों दो घड़ी बाद अचित्त हो जाते हैं, इस लिये २ घड़ीके बाद खाना चाहिये।

१९ पिसे हुए मसाले, जिनमें नमक मिला हो या आँचार भी दो घड़ी बाद खाये जा सकते हैं; परन्तु ग्वार आदिके अँचारके अचित्त होनेमें देर लगती है; क्योंकि उनके अन्दर बीज होते हैं, इसलिये उनपर नमकके शस्त्रका शीघ्र प्रभाव नही पड़ता।

२० अनार और अमरुद भी सचित्त हैं, ये दो घड़ी बाद अचित्त नहीं होते, इसलिये इनका सर्वथा* त्याग करना चाहिये।

---

*सर्वथा त्यागके २ भेद हैं—एक सर्वथा-सचित्त त्याग और दूसरा सर्वथा-त्याग जिन्होंने सचित्तका सर्वथा त्याग किया है, वे तो उसे आग आदिके द्वारा अचित्त कर व्यवहारमें ला सकते हैं; पर जिन्होने अनार और अमरुद

सचित्त तो कभी व्यवहारमें नलाये। हाँ, यदि अग्निके द्वारा अचित्त कर लिया जाये, तो व्यवहार कर सकते हैं। अमरूदको आग दिखानेसे भी उसका बीज कठोर ही रहता है, इससे मिश्रताका दोष लगता है।

२१ ईख और शहतूत सचित्त हैं। इसलिये सर्वथा त्याग करना चाहिये, ईखका रस निकालनेके दो घड़ी बाद अचित्त हो जाता है।

२२ सीताफलको तो सचित्त त्यागियोंको अवश्यही त्याग देना चाहिये; क्योंकि वह तो कभी अचित्त होही नहीं सकता कारण, उसमेंसे बीज अलग नही हो सकते, इसी प्रकार जाम्बु, रायण, बोर, हरेबदाम या अंगुर आदि विना बीज निकाले नही खाना चाहिये।

२३बीजवाले केले भी सचित्त हैं, इन्हें भी नहीं खाना चाहिये। पके हुए केले छिलका उतार लेनेसेही अचित्त हो जाते हैं।

२४ पके हुए ककड़े या ख़रवूजेके कुल बीज निकाल कर दो घण्टेके बाद खाना चाहिये।

२५ ककड़ीके बीज अलग नहीं किये जासकते, इसलिये सचित्त नहीं खाना, पर तरकारी आदिमे अचित्त है। इसलिये खाना चाहिये।

२६ आमका रस निकाल, गुठली फेकनेके बाद दो घड़ीके अनन्तर खाना चाहिये।

आदि वस्तुओंका ही त्याग किया है, उन्हे तो सचित्त या अचित्त कोई नहीं खाना चाहिये।

२७ नारियलका पानी या गरीसे बीज निकाल देनेके दो घड़ी बाद व्यवहारमें लाना चाहिये ।

२८ पकी इमली, खजूर या पिनखजूरके भीतरका बीज निकाल कर दो घड़ी बाद काममें लाना चाहिये ।

२९ सुपारी पूरी तोडकर * और बदाम तथा अखरोट बीज निकालनेके दो घड़ी बाद खाना चाहिये । कितनी ही चीजे तुरत अचित्त हो जाती हैं; पर अपनेको इसका ठीक ज्ञान नहीं, इसलिये दो घड़ी बाद ही उपयोग करना चाहिये ।

३० पिस्ते या जायफलका छोकला उतार लेने पर अचित्त है

३१ काला मुनक्का या लाल मुनक्का जिसमें बीज हो, उसे बीज निकाल कर दो घड़ी बाद खाना ।

३२ जरदालूके भीतरकी गुठली निकाल कर दो घड़ी बाद खाना चाहिये । यदि उसके भीतरके बदाम हो,तो उसे भी तोड़कर दो घड़ी बाद खा सकते हैं ।

३३ पेड़ परसे तुरतका उतारा हुआ गोंद दो घडी बाद अचित्त हो जाता है ।

३४ सूखे अंजीरके बीज तो निकाले नहीं जा सकते । अतः अंजीरका सर्वथा त्याग करना चाहिये ।

३६ सचित, त्यागीको उचित है, कि यदि अचित्त पानीके करनेका अवसर न मिले, तो पानीमें थोड़ी-सी शक्कर या राख डाल देनेसे वह पानी दो घड़ी बाद अचित्त हो जाता है ।

ऊपर देखी हुई सचित-सम्बन्धी सूचनाओंकी और सचित्त-

इच्छा हुई तो उस इच्छा-मात्रसे अतिक्रम हुआ ; जिस स्थान पर हो वहाँसे पानी पीनेके स्थानपर जाये, तो व्यतिक्रम-दोष लगता है ; वर्तमानमें पानी लेकर मुंहके पास ले आये ; पर पिये नहीं तो अतिचार-दोष लगता है, और जब पानी पी डाले तब अनाचार हो जायेगा । इसलिये व्रत पालनेवालोंको तो चाहिये, कि ऐसी चेष्टा करे । जिसमें अतिक्रमका भी दोष न लगे । इस नाशवान शरीरके मोहमे पड़कर उभयलोकमें सुख देनेवाले व्रतको तो प्राणोंसे भी बढ़कर समझना चाहिये । आगमें कूद पड़ना अच्छा पर व्रतका भङ्ग करना अच्छा नहीं होता ।

चँदोवा ।

प्रत्येक श्रावकके घर नीचे लिखे १० स्थानोंमें चाँदोवे या छप्पर जरूर बांधने चाहिये—

(१) चूल्हेपर (२) पानीके पन्डेरे पर (३) भोजनके स्थानोंमें (४) चक्कीकी जगह (५) खाने-पीनेकी चीज पर (६) दूध-दहीके ऊपर (७) सोनेके बिछोनेके ऊपर (८) स्नान करनेकी जगह (९) समायिक आदि धर्म-क्रियाके स्थानमें (पौषधशालामें) और मन्दिरमें ।

सात प्रकारके छनने रखना चाहिये ।

(१) पानीका छनना । (२) घीका छनना । (३) तेलका छनना । (४) दुधका छनना । (५) छाँछका छनना । (६) म किये हुए अचित्त पानीका छनना । (७) आँटा चालनेका छाननेकी चलनी ।

इनके द्वारा हम बहुतसे जीवोंका हिंसासे बच सकते हैं। जैनशासनका यही उपदेश है, कि वही पुरुष धन्य है, महान है पुण्यवान् है, तेजवान है, सुखी है, भाग्यशाली है, जोकि जीवदया का भली भाँति पालन करता है।

अब सक्षेपमें यह समझ लीजिये कि कैसे वर्त्तनमें और किस प्रकार भोजन करना चाहिये।

जो दोष रात्रि भोजनमें है, वही अंधेरेमे भोजन करनेमें भी है। ठीक वैसा ही दोष छोटे मुंहवाले लोटे आदिमें पानी पीनेमें भी है, जिसके भीतर नजर न पहुंच सके।

काँसा या कलईवाले ताम्बे पीतलके वर्तन काममें लाने चाहिये। टीनपर कलई किये हुए वर्त्तन तो कभी किसी जैन या हिन्दूको व्यवहारमें नहीं लाना चाहिये। लोहे या टीनके वर्त्तन त्याज्य हैं। केले आदिके पत्तेपर भी भोजन नहीं करना चाहिये। दिनको भी यदि अंधियाला हो तो नहीं खाना चाहिये। उजेलेमें स्वच्छ वर्त्तनमें, भक्ष्याभक्ष्यका विचार करते हुए स्थिरचित्त हो बिना बोलेचाले भोजन करना चाहिये। खाते-खाते बातें करनेसे ज्ञानावरणीय कर्मबन्ध होता है। दूसरी ओर ध्यान चले जानेसे भोजनमें मक्खी आदि त्रस जीव पड जानेका भय रहता है। अगर कहीं ग्रासके साथ मुंहमें मक्खी चली गयी तो के हो जाती है। अगर बोलनेकी जरूरत ही पड़ जाये तो पानीसे मुंह शुद्ध करके बोलना चाहिये। सदा देख-भाल कर अच्छा और परिमित भोजन करना चाहिये। दो तीन आदमी एक साथ नहीं खाना चाहिये

भोजन करते समय दूसरी धोती पहननी चाहिये। और हाथ पैर धो कर खाने बैठना चाहिये। जो प्रभुकी नित्य पूजा करनेवाले हैं, उन्हें तो बराबर राखसे हाथ शुद्ध कर लेना चाहिये। मिट्टी सचित्त है, इस लिये राख ही काममें लानी चाहिये। खुली जगहमें जिसके ऊपर छाननी न हो, भोजन नहीं करना चाहिये। घी, गुड़, दूध, दही, मठा, दाल तरकारी और पानीके वर्त्तन क्षण भर भी खुले नहीं छोड़ने चाहिये। श्रावकको उचित है, कि थोड़ी भूख रहते ही खाना खतम कर दे; यानी जितना चाहिये, उससे कम ही भोजन करे अथवा जितनी भूख हो, उतना ही खाना चाहिये। थालीमें जूठन नहीं छोड़नी चाहिये। भरसक तो खा-पी कर थाली धो कर पी लेनी चाहिये। थाली धो कर पीनेसे आयंबीलका फल होता है। मुनिमहाराजको शुद्धता-पूर्वक आहार करानेके बाद आप इसी प्रकार शुद्धताके साथ नित्य आहार करनेसे अमृतके समान फल मिलता है, नहीं तो अवश्य ही विषके समान फल होता है।

जूठा वर्त्तन देर तक नहीं पड़े रहने देना, उसे तुरत आप धो लेना या नौकरसे धुलवा लेना चाहिये। अन्यथा, उसमें बहुतसे जीवोंकी उत्पत्ति हो सकती है।

स्त्रियोंके ध्यान देने योग्य बातें।

जैसे राज्यमें मन्त्री प्रधान होता है, वैसे ही घरमें स्त्रीकी धानता होती है। इसलिये उनको इस अभक्ष्य-अनन्तकायका

वर्णन भली भाँति पढ़ कर व्यवहारमें लाना चाहिये। यदि वे नीचे लिखी बातोंकी ओर ध्यान दें तो अपना पराया सबका कल्याण कर सकती हैं।

१—सूर्योदयके पहले कभी चूल्हा नहीं जलाना। पहले सारा घर झाड़-बुहार करके तब कोई काम शुरू करना चाहिये।

२—प्रति दिन सवेरे घर द्वारकी सफाई और वर्तनोंकी मंजाई धुलाई होनी चाहिये। लकड़ी आदि भी ख़ास करके बरसातमें, देख लेनी चाहिये। क्योंकि अकसर उसमें जीव पड़ जाते हैं, जो बिना देखे जल जा सकते हैं।

३—रसोई करके वर्तन वासन तथा घी, मसाला, तेल, दूध, दही, रोटी, पूरी, पानी आदिके वर्त्तन खुले नहीं रखने चाहिये। उच्छिष्ट पदार्थको तो तुरत हटा देना चायिये, नहीं तो उसमें बहुतसे संमूर्च्छिम जीव पड़ जाते हैं।

४ नमक और मसाले भरसक शीशेके वर्त्तनोंमें रखने चाहिये। बरसातमें मिर्चमें तो वैसे ही जीव पड़ जाते हैं और कहीं भूलसे बिना देखे-भाले खानेकी चीज़में वह मिर्च डाल दी, तो जीवहत्याका पाप अलग लगे। शाक या दालमें डालनेके पहले मसाला, चाय दूधमें डालनेके पहले चीनी, दाल, शाक, रोटी के साथ काममें लानेके पहले घी भली भाँति देख लेना चाहिये।

५—शामको सूर्यास्तके पहले ही चूल्हा ठंडा कर देना चाहिये। बासी चाजें तो न कभी खुद खानी, न बच्चोंको खिलानी। इससे धार्मिक ही नहीं शारीरिक लाभ भी है।

६—यदि तुम्हारे पास धन है तो उसे पूर्व पुण्योंका उदय समझो और जो काम नौकरों द्वारा करवाना हो, उसे ठीक समझ बूझ कर करवाना चाहिये। कारण आप जैसे जयणा पूर्वक काम करेंगे, वैसे वह नहीं कर सकेगा। जैसे आप साग न बनावें, तो नौकर सागके साथ साथ न जाने कितने जीवोंको मार डालेगा। पानीमें भी गोलमाल कर सकता है। अतएव जो काम अपनेसे न हो सके, उसीके लिये नौकरोंको पुकारें यही हमारे लिये उचित है।

७—चार 'महाविगइ'का अवश्य ही त्याग करना। बरफ, मलाईकी बरफ आदिका व्यवहार नहीं करना। बच्चोंको अफीम न खिलाना। कच्ची मिट्टी या नमक न खाना। आलस्य छोड़ कर नमकको अचित्त बना लेना। रातको भोजन नहीं करना। तिलों और पोस्तके दानोंका त्याग करना; जहाँ तक हो सके चटनी, आँचार वगैरहका चटोरपन छोड़ना और दूसरोंसे भी छुड़वाना; विदल वस्तुओंका ख़ास ख़याल रखना तुम्हारा ही काम है। यदि पुरुष विरतिवान न हों, तो तुम उनको वैसा बना सकती हो। बैंगन बग़ैरहका भुर्त्ता बना कर नहीं खाना-खिलाना। झड़बेरी या खट्टे जामुन न खाना। गाली, निन्दा आदि बुरी बातें न करना धर्मके कामोंमें लगी रहना। जिन चीजोंका रस विगड़ गया हो, या जो बासी हो गयी हो, उन्हें कभी काममे न लाना। आटा, मुरब्बा, आँचार, सेव, बड़ी, पापड़ आदिके विषयमें जो कुछ पहले लिखा गया है; उस पर पूरा ध्यान देना। अनन्तकाय—

का त्याग करना। कच्ची हल्दी, अदरख, लसुन वगैरह बीमार पड़ने पर भी न खाओ। फागुनकी चौमासा शुरू होनेके पहले ही आठ महीनेके लिये साफ़ बर्त्तनमें तेल भरवा रखो। असाढ़से शुरू होनेवाले चौमासेमें खांड़, काजू, बदाम, पिस्ता, दाख आदि-को काममें लाना बन्द कर दो। सूखे आँचार आदि असाढ़के चौमासेके पहले ही खा कर ख़तम कर दो। हरे बाँस, बेल, केर नागर बेलके पान और मेदेसे परहेज करो। आटा या सोजी बाजारसे नहीं मंगवाओ। घरमें पीस लेनेमें मिहनत तो पड़ेगी, पर अनेक जीवोंका आशीर्वाद मिलेगा। पानीको बहुत ख़र्च न किया करो और बिना छाने काममें न लाओ।

८—पर्वके दिनोंमें दलना-मलना, पीसना, तोड़ना, धोना-माँजना, सिर गूंथना, मठा निकालना, गोबरके कण्डे पाथना आदि मना है। छहों अट्ठाइयोंके दिन भी ये सब काम करना मना है।

६—मिथ्यात्व-लौकिक पर्व—आसाढ़की पूनो, रक्षाबन्धन, नवरात्र, होली, संक्रान्त, गणेशचौथ, नागपञ्चमी, राँधन छठ, शीतलासप्तमी (जिसमें बासी चीजें खायी जाती हैं) गोपाष्टमी, नोलीनवमी, अहबादशमी, भोम-एकादशी, धनतेरस, अनन्तचौदस सोमप्रदोष, सोभवती अमावस, बुधाष्टमी, दसहरा, मुहर्रम, बक-रीद आदि पर्व मिथ्यात्वके हेतु और अनर्थकारी हैं, अतएव इन्हें त्याग देना।

१०—रोने-कूटनेकी चाल, दसें, ग्यारहवें, बारहवें, ते[illegible] का सूतक मानना, गृहप्रवेश, अधरणी (पहले पहल गर्भ

उत्सव मनाना), श्राद्ध, बाल-विवाह आदि रिवाज छोड़ देने योग्य हैं।

प्यारी बहिनो ! इन बातों पर अवश्य ही ध्यान देना। इससे आपका बहुत उपकार होगा।

चौदह स्थानोंमें उत्पन्न होनेवाले संमुच्छिम जीवोंकी हिंसा, जो मनुष्यकी असावधानीसे हो जाती है। इसके विषयमें पूरा ध्यान रखना चाहिये।

१—जो लोग छोटे छोटे गाँवोंमें रहते हैं, जिनके गाँवके पास नदी, तालाव, जंगल, खेत वगैरह हों, उन्हें चाहिये कि पायखानेके अन्दर न जा कर दिशा-फरागतके लिये बाहर मैदानमें चले जाया करें। स्वास्थ्यकी दृष्टिसे भी यही उचित है और धार्मिक दृष्टिसे भी, क्योंकि बन्द पायखानोंमें बहुतसे संमूच्छिम मनुष्य पञ्चेन्द्रिय जीवोंकी उत्पत्ति और नाश हुआ करते हैं। अगर पायखानेमें रोगी जाते हों, तो उनका रोग औरोंको भी हो जा सकता है। इसीलिये मैदानमे जाना चाहिए। वहाँ भी यह देख लेना चाहिए कि कोई कीड़े मकोड़े तो नहीं है। गीली जमीन भी बचा देनी चाहिये।

२—पेशाब भी ऐसी जगहमें करना चाहिये, जहाँ जल्द सूख जाये। किसीके पेशाब किये हुए स्थान पर पेशाब नही करना चाहिये। मोरी, पनाले वगैरहमें पेशाब करनेसे भी संमू-
ेम मनुष्य पंचेन्द्रिय जीवों तथा कीडे आदि त्रस-जीवोंकी

उत्पत्ति होती और विनाश होता है। इसलिये भरसक पायखाना-पेशाब तो ऐसी ही जगह करना, जहाँ वह झट सूख जाय।

३—मुंहसे थूक-खखारके करने, नाक छिनकते, कै करते, कानका मैल या पीव निकालनेमें अथवा शरीरके किसी हिस्सेसे खून, या पीव निकाल कर फेंकनेमें यह खयाल रखना चाहिये, कि वह ऐसी जगह गिरे जहाँ झट सूख जाये। दिन हो तो सूर्यकी धूप जिस स्थान पर पड़े, वहीं फेंकना और उसके ऊपर राख तो हर हालतमें डाल देना प्रत्येक विवेकी धर्मात्मा पुरुषको इस विषयमें पूरा ध्यान रखना चाहिये। ऐसा नहीं करनेसे अनेक सम्मूर्च्छिम पचेन्द्रिय जीव पैदा हो कर मरते हैं।

४—स्नान करनेके पहले तेल लगा लेना उचित है। बंधे हुए पानीमें न नहा कर बहते हुए पानीके सोतेमें नहाना चाहिये। भरसक तो श्रावकोंको नदी, तालाब, कुण्डल आदिमें कभी नहाना नहीं चाहिये, क्योंकि इससे अनेक जीवोंकी हिंसा होती है। पानीका परिमाण भी नहीं रहता। कभी कभी तो भयंकर जल जीवोंसे प्राण जानेका भी भय रहता है। श्रावकको तो बिना छाने हुए पानीसे कभी नहीं नहाना चाहिये।

इस बातका सदैव स्मरण रखना चाहिये, कि पाखाना पेशाब जिन मन्दिरसे कमसे कम सौ हाथ दूर पर करना चाहिये। मन्दिरके मकानमें नाक छिनकना, थूक फेंकना उचित नहीं है।

५—शास्त्रोंमें कहा है, कि भोजनकी थालीमें जूठन नहीं छोड़नी चाहिये। कारण उसमें कुछ ही देर बाद असंख्य संमूर्च्छिम

जीवोंकी उत्पत्ति हो जाती है। इसलिये भोजनकी थाली तो धो पोंछ कर पी जानी चाहिये। अकसर जीमन आदिमें लोग बहुतसी जूँठन छोड़ देते हैं, श्रावकोंको चाहियें, कि न इतनी चीजें परोसें, न इतनी लें कि जूँठन रह जाये।

६—ऐसाही पानीके भी विषयमे भी समझना चाहिये। पानीके बर्तनोंसे पानी काढ़नेका लोटा अलग रखना चाहिए। जूँठा वर्तन उसमें नहीं डुबोना चाहिए। गुजरात काठियावाड़में तो यह वुराई बहुत है। सब भाई-बहनोंको इस दोषसे बचनेकीजरूरत है।

सूतक-विचार ।

लड़केका जन्म हो तो १० दिन तक सूतक रहता है, इसी तरह लड़कीका हो तो १२ दिन। यदि लड़का या लड़की जन्म ले कर मरणको प्राप्त हो जाय तो केवल एक दिनका सूतक लगता है। जिस स्त्रीके बच्चा होता है, उसे एक मास तक सूतक पालन करना पड़ता है। कोई स्त्री या पुरुष विदेशमे मर जाय तो उसके लिये एकदिन सूतक रखना चाहिये। यदि अपने घरमे नौकरनीको लड़का या लड़की हो तो तीन दिन तक सूतक लगता है। किसी स्त्रीको गर्भ रह कर गिर जाय तो जितने महीनेका गर्भ हो उतने दिन तक सूतक रखना पड़ता है।

जिनके घरमें जन्म-मरणका सूतक हो वह १२ दिन तक देव-पूजन न कर सकें। मृतकके सूतकमें घरके जिन आदमियोंने शवको उठाया हो वह १० दिन तक देव-पूजन न करें। और और बाहरके आदमी ३ दिन तक पूजन न करें।

जिन्होंने मृतकके शवको स्पर्श किया हो, वह चौवीस प्रहर प्रतिक्रमण न करें। जिनको नित्यके नियम हो वह समताभाव रख, मवर धर्ममें रहें। किन्तु मुखसे नवकार मन्त्रका भी उच्चारण न करे। स्थापनाचार्यजीको छुए नहीं। और जो मृतकको न छुआ हो वह आठ प्रहर प्रतिक्रमण न करे।

रजस्वला स्त्री चार दिन पर्यन्त घरकी किसी चीज़से स्पर्श न करे। चार दिन प्रति क्रमण न करे। पाँच दिन पूजन न करे। यदि रोगादिके कारण स्त्रीको रक्त वहता मालूम हो तो उसके लिये विशेष दोष नहीं। स्नानादि करके शुद्ध-पवित्र हो कर पाँच दिन बाद पुस्तकादिके स्पर्श करे। प्रभु दर्शन करे। अग्रपुजा करे, परन्तु अंग-पूजा न करे। रजस्वला स्त्री यदि तपस्या करे तो वह फलवती होती है। जिस घरमें जन्म-मरणका सूतक हो, वहाँ पर मुनिराज १२ दिन अहार-पानी न लेवें। सूतक वालेके घरका पानी या अग्र-पूजनके काममें नहीं आ सकता।

गाय, भैंस, घोड़ी, सांड, आदि घरमें विआवे तो १ दिनका सूतक लगता है। यदि मरण हो जाय तो जब तक शव न उठाया जाय तब तक सूतक रहता हे।